सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 114, पेज 16, 2.00 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स 609 अंक फिसला

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 609 अंक फिसल गया। } 15

## एससी-ओबीसी का कोटा मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। } 16





वित्तमंत्री, निर्मला सीतारमण



कांग्रेस के नेता, शशी थरूर



विधायक, राजेश्वर सिंह



बिहार के दिग्गज नेता, पप्पू यादव



रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी व उनकी पत्नी



एनडीए प्रत्याशी एचडी कुमारस्वामी व उनकी पत्नी

# दूसरा चरण : 60 फीसद पड़े वोट

## 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर हुआ मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं।

उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया जहां शाम पांच बजे तक 77.53 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वहीं, उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52.74 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदान समाप्त होने के बाद एक्स पर लिखा, दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा। आज देशभर में मतदान करने वालों का आभार। राजग को मिला बेजोड़ समर्थन विपक्ष को और अधिक निराश करने जा रहा है। मोदी ने लिखा मतदाता राजग का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता राजग को मजबूत समर्थन दे रहे हैं। केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की 6 सीट, असम और बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट तथा मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं, वहीं भाजपा सांसद हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार संसद में पहुंचने की कोशिश में मैदान में हैं। केरल में पांच बजे तक 63.97 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हालांकि, राज्य में कुछ मतदान बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की खबरें भी आईं। राज्य में मतदान के दौरान तीन बुजुर्ग मतदाताओं और एक मतदान एजेंट की मृत्यु की खबर है। पलक्कड, अलप्पुझा और मलप्पुरम में वोट डालने के बाद एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर



## यूपी की आठ सीट पर 53.34 प्रतिशत से अधिक मतदान



विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीट पर 53.34 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। शाम छह बजे के बाद भी कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी गयीं।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ, जो शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीट पर मतदान हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगने लगीं, दोपहर तक लोग छाता लेकर धूप से बचते हुए कतार में लगते नजर आये। शाम छह बजे के बाद भी कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी गयीं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत, अमरोहा में 62.36 फीसद, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ईवीएम से वीवीपैट का शत प्रतिशत मिलान संभव नहीं

## उच्चतम न्यायालय ने खारिज कीं इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी और कहा कि तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी। शीर्ष अदालत के इस बहु-प्रतीक्षित फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के अररिया में एक चुनावी रैली में कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रो कंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इंडिया गठबंधन को देश की परवाह नहीं

## राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव के दौरान लूट लिये जाते थे बूथ : मोदी

एजेंसी

अररिया-मुंगेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन इंडी के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा राजद-कांग्रेस और इंडी गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव में बूथ और मतपत्र लूट लिए जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा देश के गरीबों और ईमानदार मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उन ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भाजपा ने भ्रष्टाचारियों, अपराधियों व माफिया को दिया संरक्षण : अखिलेश

एजेंसी

एटा (उप्र)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया को अपने गोदाम में रख लिया है।



सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए चुनावी बॉण्ड का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह चंदे के रूप में की गई यह वसूली है। यादव ने आरोप लगाया भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है, और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल... शेष पृष्ठ 14 पर

# गोकशी को बढ़ावा देना चाहती है कांग्रेस

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में की चुनावी जनसभा

विशेष संवाददाता

मुरादाबाद/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन और इसके प्रमुख घटक दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, यानी ये गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा? भाजपा कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी (मुरादाबाद) में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है, इसका मतलब कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे ...शेष पृष्ठ 14 पर



# संविधान बचाने और समावेशी विकास के लिए करें मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को जारी मतदान के बीच मतदाताओं से अपील की कि वे संविधान बचाने और समावेशी विकास के लिए अपने वोट का इस्तेमाल करें।



राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने घरों से संविधान के सिपाही बनकर बाहर निकलें। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्य की 88 सीट पर शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान जारी हैं। लोकसभा चुनाव सात चरण में होने हैं और मतगणना चार जून को होगी। दूसरे चरण में केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की छह सीट, असम एवं बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा एवं जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

## दूसरे चरण में मतों के ध्रुवीकरण और बिखराव पर भी होती रही चर्चा

# कम मतदान ने फिर बढ़ायी सियासी बेचैनी

संजय धीमान

लखनऊ। पश्चिम यूपी की आठ लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को 53.17 प्रतिशत मतदान हुआ, यह मतदान पहले चरण में हुए मतदान से करीब 6 प्रतिशत कम है। पहले चरण में 61.11 प्रतिशत मतदान हुआ था। ऐसे में राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ गयी है। मतदान कम होने के लिए कड़ी धूप जिम्मेदार है या फिर कोई और कारण है? चुनाव आयोग की कोशिश और राजनीतिक दलों की मेहनत भी ज्यादा मतदान नहीं करा सकी।

चुनावी मुकाबला तो मुख्य तौर पर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस एवं सपा के गठबंधन के बीच ही दिख रहा है। फिर भी बसपा की अहमियत इसलिए बढ़ जाती है क्योंकि उसका वोट यदि बिखर रहा है तो किसे मिलेगा? इस बीच सबकी नजर मायावती की पार्टी बसपा पर गयी है। यह अहम सवाल है। कम पड़े वोटों की तरफ देखा जाये तो कई सीटों पर वोट सपा-कांग्रेस गठबंधन के पाले में जाता दिखा, जिससे भाजपा की टेंशन बढ़ी है। वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर




# सड़क हादसे में आठ की मौत, 13 घायल

जिला संवाददाता

लखनऊ। बहराइच, सुल्तानपुर और रायबरेली जिले में हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली ने सड़क किनारे खड़े ई रिक्शा व एक बाइक को टक्कर मार दी जिससे दो सगी बहनों की मौत हो गयी तथा उनके पिता व भाई सहित छह अन्य लोग घायल हो गये।

नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम विश्वनाथ गांव निवासी हबीबुर्हमान अपने तीन बच्चों के साथ एक बाइक पर सवार होकर सड़क किनारे नानपारा-रुपईडीहा मार्ग स्थित हाड़ा बसेहरी गांव के पास खड़े थे। उसी स्थान पर कुछ ग्रामीण ई रिक्शा में बैठे हुए थे। इस बीच मौरंग लदी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने पहले ई रिक्शा को टक्कर मारी और फिर बाइक को टक्कर मारते हुए पलट गयी। टक्कर के कारण हबीबुर्हमान की बेटी खुशनुमा (19) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक व ई-रिक्शा सवार

❍ **बहराइच, सुलतानपुर और रायबरेली में हुई सड़क दुर्घटनाएं**

सात अन्य घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान खुशनुमा की बहन काज़मा (13) की भी मौत हो गयी। दुर्घटना में मृतक बहनों का पिता हबीबुर्हमान (45) व भाई जावेद (12) तथा ई रिक्शा सवार रूपईडीहा थाना क्षेत्र निवासी राम अचल (31), संगीता (30), रानी देवी (50) व रामकली (55) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास शुक्रवार को तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, बारात लालगंज के कटहरिन का पुरवा गांव से अमेठी जिले के फुरसतगंज गयी थी और वहां से शुक्रवार को तड़के करीब तीन बजे आठ बराती स्कॉर्पियो से वापस लौट रहे थे। रायबरेली- सुल्तानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में वाहन सवार सभी लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## संघमित्रा मौर्या की याचिका खारिज

लखनऊ। कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने व धोखा देने के आरोप के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्या को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि संघमित्रा मौर्या को तलब किए जाने का आदेश पारित कर, निचली अदालत ने कोई त्रुटि नहीं की है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इसी मामले में 12 अप्रैल को भाजपा सांसद के पिता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या की भी याचिका खारिज की जा चुकी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने परिवाद की कार्यवाही को निरस्त किए जाने की मांग वाली संघमित्रा मौर्या की याचिका को खारिज कर दिया है।

2024 **आज का मुकाबला**

दिल्ली V/S मुम्बई

लखनऊ V/S राजस्थान



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.09 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.08 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ सपा के गढ़ मैनपुरी में कांटे की टक्कर (पृष्ठ-02)

❍ भारत की जीडीपी 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान (पृष्ठ-14)

❍ रुपया सात पैसे की गिरावट से 83.35 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)

C M Y K

# पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीबीडी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा वार्षिक उत्सव 'मंथन' का आयोजन किया गया। यह उत्सव बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा एवं बीबीडीयू के वाइस चांसलर डॉ एके मित्तल के कुशल निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एसएमके रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर बीबीडीयू, डॉ सुशील पांडे, डीन इंचार्ज, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आदेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सभी फैकल्टी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यह उत्सव सृजनात्मकता, बुद्धिमत्ता और प्रतिभा का संगम प्रकट करता है। मंथन के आयोजन में व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी, स्केचिंग, शतरंज, नृत्य, रंगोली और प्रतिभा हंट शामिल होती हैं। व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी में, छात्रों का बुद्धिमत्ता और ज्ञान का परीक्षण होता है। स्केचिंग आयोजन कलाकारों के लिए मंच प्रदान करता है, शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों का प्रतिस्पर्धा बढ़ता है। नृत्य प्रतियोगिता में उत्साही नृत्य अभिनेताओं को मंच पर लाया जाता है जबकि रंगोली प्रतियोगिता रंगों के साथ तस्वीर को जीवंत बनाती है। अंत में प्रतिभा हंट

**● बीबीडी विश्वविद्यालय में मंथन का आयोजन सम्पन्न**

छात्रों की प्रतिभा को सामने लाता है। समूह नृत्य में जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज के नंदिता ग्रुप और स्कूल ऑफ मैनेजेंट के भांगड़ा ग्रुप एवं चेस में चाहत कपूर, रंगोली में केकेसी के सौरभ वर्मा, आलेख में शिया कॉलेज के अभिषेक वर्मा विजेता हैं। उसके अलावा व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी में श्रेयांश त्रिपाठी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बीबीडी विश्वविद्यालय से विजेता हैं और दूसरे स्थान पर शुभंकर निगम और कौशल राज भी विजेता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आदेश श्रीवास्तव ने बताया यह कार्यक्रम 2010 से हर वर्ष छात्रों की प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम मे 10 से अधिक विद्यालयों के लगभग तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दूसरे दिन की शुरूआत गायन प्रतियोगिता से हुई, जिसके विजेता सुदेशना मुखर्जी हैं और द्वितीय विजेता सेजल गुप्ता हैं। गायन के बाद विज्ञापन प्रस्तुति की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसके विजेता अक्षिता जैन और उनकी टीम रहे।

अगला कार्यक्रम व्यापार योजना का रहा जिसमें लक्ष्य और उनकी टीम विजयी रहे और द्वितीय विजेता शुभांकर निगम और उनकी टीम रहे। एक तर्क वितर्क की भी प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें लक्ष्य और उनकी टीम विजेता रहे। इस कार्यक्रम में बिजनेस रैम्प शो भी हुआ था जिसमें कॉरपोरेट लुक में प्रतियोगिता की गयी। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण आत्म प्रकाश मिश्रा, प्रोग्राम हेड, दूरदर्शन, उत्तर प्रदेश द्वारा संपन्न हुआ।

# सुरक्षित एलपीजी उपयोग के महत्व को किया रेखांकित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। एलपीजी सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, यूपीएसओ-1 राजेश सिंह तथा केएम ठाकुर, सीजीएम (एलपीजी) ने लखनऊ मंडल

**● एलपीजी सुरक्षा जागरूकता के तहत कार्यकारी निदेशक ने की घर-घर जाकर बुनियादी सुरक्षा की जांच**

कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित लखनऊ में एक व्यापक अभियान का नेतृत्व किया। निम्न आय वर्ग को लक्ष्य करते हुए यह पहल लखनऊ के तकरोही क्षेत्र में शुरू हुई।

अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय निवासियों के लिए बुलाया गयी एक जन जागरूकता बैठक थी, जिसमें सरकारी स्कूल के छात्रों की सक्रिय भागीदारी भी शामिल थी। सभा की अध्यक्षता करते हुए यूपीएसओ-1 के कार्यकारी निदेशक राजेश सिंह ने सुरक्षित एलपीजी उपयोग के सर्वोपरि महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू सुरक्षा को मजबूत करने में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रशासित बुनियादी सुरक्षा जांच द्वारा निभायी गयी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में सीजीएम (एलपीजी) और लखनऊ आईडीओ के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके बाद कार्यकारी निदेशक द्वारा स्वयं घर-घर जाकर बुनियादी सुरक्षा जांच की गयी। अभियान के दौरान उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ते हुए उन्होंने बुनियादी सुरक्षा जांच के महत्व और इसके कार्यान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। यह ठोस प्रयास घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुदाय के भीतर जिम्मेदार एलपीजी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय दृष्टिकोण का प्रतीक है।

# अधिशासी, अवर अभियंता और सुपरवाइजर निलंबित

## सीवर में गिरने से 8 साल के मासूम की मौत का मामला , नगर विकास मंत्री के निर्देश पर जाँच में दोषी पाये गये कर्मियों पर हुई सख्त कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के जानकीपुरम क्षेत्र में बीते मंगलवार को सीवर में गिरने से आठ साल के मासूम की मौत मामले में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर सख्त कार्रवाई करते हुए जाँच के उपरांत दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और सुपरवाइजर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कार्यदायी संस्थान एस. के. इंटरप्राइजेज के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है।

**● कार्यदायी संस्था एस. के. इंटरप्राइजेज पर होगी ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही**

**● प्रोफोर्मा जारी कर खुले, ढके मेनहोल की संख्या के साथ ही उन्हें ढकने के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही की मांगी रिपोर्ट**

**● भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न हो इसके लिए संबंधित अधिकारीयों को दिए सख्त निर्देश**

लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एपीजे अब्दुल कलाम विवि के पास मंगलवार (23 अप्रैल) को भंडारे से प्रसाद लेकर बहन और अन्य साथियों के साथ लौट रहा सीतापुर के अकबरपुर का



विगत दिनों जानकीपुरम में खुले सीवर के मैनहोल में गिरे बच्चे शाहरुख खान की मौत हुई स्थल की फोटो और मैनहोल को ढक दिया गया है

रहने वाले आठ साल के शाहरुख खान की खुले सीवर में गिरने से मौत हो गयी थी। बच्चा अपने परिवार के साथ जानकीपुरम सेक्टर सात में रहता था। घटना की जानकारी होते ही नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके उपरांत नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायरफाइटर की संयुक्त कार्यवाही से बच्चे को 18 फिट गहरे मेनहोल से रेस्क्यू करके बाहर निकालकर ट्रामा सेंटर भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। मंत्री श्री शर्मा ने मामले की विभागीय जांच कराकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात नियमित क्षेत्र का निरिक्षण न करने व अपने-अपने दायित्वों मां निर्वहन न करने पर अधिशासी अभियंता मनोज कुमार शुक्ला, अवर अभियंता गया प्रसाद सिंह और सुपरवाइसर अच्छे लाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही गयी है। साथ ही कार्यदायी संस्था के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा रही है।

निलम्बन अवधि में अधिशासी अभियंता (जल) मनोज कुमार शुक्ला को निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया तथा निलम्बन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ से दिया जायेगा। वहीं निलम्बन अवधि में अच्छे लाल फिटर जोन 6 कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे तथा इनके जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान जोन-6, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ द्वारा किया जायेगा।

मंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर एक प्रोफोर्मा भी तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत नगर निगम सीमा के अंतर्गत कुल मेनहोल की संख्या, ढके मेनहोल की संख्या, खुले मेनहोल की संख्या के साथ ही खुले मेनहोल को ढकने के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल मांगी गयी है। जिससे इस प्रकार की गंभीर घटनाओं पर विराम लगाया जा सके।

# शुभम सिंह बने नये क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी शुभम सिंह ने नए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी का पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने कनिष्क शर्मा का स्थान लिया है। शुभम सिंह ने आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह काहिरा (मिस्त्र), इस्लामाबाद और इंडोनेशिया में मेदन में भारत का महावाणिज्य वास में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह बेंगलुरु में प्रोटेक्टर आफ इमिग्रेंट्स के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं जिसका कार्य क्षेत्र कर्नाटक और गोवा तक है। उन्होंने विदेश मंत्रालय नई दिल्ली में पाकिस्तान डेस्क को भी संभाला है।

# वाट्सएप ग्रुप व चैनल से जुड़ेंगे विद्युत उपभोक्ता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु वाट्सएप ग्रुप एवं चैनल चालू किया जायेगा। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार उपभोक्ताओं के हित में और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, जिससे कि वे अपनी समस्याओं का हल एवं सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार सरकार बनने के बाद से लगातार करोड़ो विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं समस्याओं के लिये अनेक प्रयास किये गये। इस समय भी बिजली विभाग द्वारा आपके द्वार एवं फोन घुमाओं अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना में विभाग के अधिकारी उपभोक्ता के घर-घर जाकर विद्युत सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को हल कर रहे हैं। इसी तरह फोन घुमाओं अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बिल ससमय जमा करने आदि के बारे में प्रेरित किया जा रहा है। उपभोक्ता हमारे लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता देवो भवः की नीति के तहत उनकी सभी समस्याओं का हल उसे फ्रेन्डली माहौल में मिले। इसके लिए पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों द्वारा ऐसा प्रयास पहली बार सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

अभी तक उपभोक्ताओं से ट्विटर, फेसबुक, पोर्टल, ऐप आदि के माध्यम से सम्पर्क किया जा रहा है। लेकिन वाट्सएप सम्पर्क का एक सशक्त माध्यम है। इसलिये ऊर्जा विभाग वाट्सएप के माध्यम से भी उपभोक्ताओं से सम्पर्क में रहे, इस पर कार्य करने के लिये निर्देश दिये गये है। शीघ्र ही वाट्सएप ग्रुप या चैनल के माध्यम से उपभोक्ताओं को विभागीय जानकारिया शेयर होने लगेंगी। विद्युत निगमों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि विभिन्न स्तरों पर वाट्सएप ग्रुप या चैनलों के माध्यम से उपभोक्ताओं के जो नम्बर विभाग में उपलब्ध हैं उन्हें उसमें सम्बद्ध किया जाये और जिनके नम्बर अनुपलब्ध हैं, उसको भी प्राप्त कर शीघ्र जोड़ने का प्रयास किया जाये।

# प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने का दिया संदेश




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अवध कॉलेजिएट की 50 एनसीसी कैडेटस, 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग ने दो दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। दो दिवसीय अभियान में कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले प्रयोग करने, कचरा इधर उधर नहीं फेंकने, ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान न पहुंचाने का संदेश दिया। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से भी स्वच्छता के महत्व को समझाया और समझाया यदि हम सब इसका पालन करेंगे तो वास्तव में यह सच्ची देश सेवा होगी। स्वच्छता अभियान मात्र एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच में सम्मिलित होना चाहिए। हमारे द्वारा फैलायी गयी गंदगी हम सब के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। रीयूज, रिफयूज, रीडयूज व रिफयूज को अपना कर हम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हम सभी को अपने स्तर से अपने पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना होगा, तभी स्वच्छ व स्वस्थ्य समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। इन समर्पित कैडेट्स ने विद्यालय के परिसर के बाहर और स्कूल में अपने मिशन को बढ़ावा देने के लिए कृष्णा नगर कानपुर रोड में रैली निकालने का आयोजन किया ताकि हमारे समाज में जागरूकता फैलायी जा सके। स्कूल के प्रबंधक सर्वजीत सिंह और निर्देशिका जतिंदर वालिया के मार्गदर्शन में अवध कॉलेजिएट के इस प्रयास को संभव बनाने में स्कूल की प्रधानाचार्या अमृता धनाईं और एएनओ, साधना पीटीआई के मार्गदर्शन और निरीक्षण का बहुत ही महत्व रहा।

# बिजली उपभोक्ता की जानकारी के बाद ही कटेगा कनेक्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लेसा सिस गोमती और ट्रांसगोमती मे बिजली बकायेदारो के खिलाफ अभियान चुनाव तक नही चलाया जायेगा। लेकिन किसी ऐसे उपभोक्ता का बिजली नही काटा जा रहा है जो किसी कारण से परेशान हो और उसका बिल बीस हजार से ज्यादा हो। ऊर्जा ने पहले की निर्देश जारी कर कहा है कि बकायेदारो का बिजली कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ता का दरवाजा खटखटाया जाना चाहिए।

बीकेटी, चिनहट, महानगर, अमीनाबाद, नीलमथा, आलमबाग सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली कटौती घंटो हो रही है। एक तरफ बिजली कटौती हो रही है तो दुसरी तरफ बकायेदारो के खिलाफ बिल वसुली का अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकारी से कोई बात कहो तो कोई भी नही सुन रहा है। बकाया होने पर बिजली काट दिया जाता है एक बार उपभोक्ता का पक्ष भी नही सुना जाता है। बीकेटी के रहने वाले लाल बहादुर ने बताया कि बकाया बिल पर अधिकारी बात भी नही सुनते है कहते है सरकार का सख्त आदेश है कि बकाये बिल की वसुली समय पर होनी चाहिए। ऐसे में पहले तो करोना ने सबकी कमर तोड़ दिया। फिर बिजली बिल में छुट मिलना चाहिए लेकिन वह भी नही मिल रहा है। जबकी बिल दो से तीन माह का हजारो में हो गया है। लेसा के सिस गोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि बिजली का प्रयोग उपभोक्ता ने किया है तो उसे पैसा तो देना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले उपभोक्ता के घर बिल बकाये के बारे में बताया जाता है। फिर भी बिल नही जमा करने पर कनेक्शन काट दिया जाता है।

# ई-रिक्शा को नाबालिग चलाते पकड़े गये तो होगी कार्यवाही : एआरटीओ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में ई-रिक्शा अब बड़ी संख्या में मुख्य मार्गो पर चल रहे है। लेकिन गाड़ियों को ज्यादातर नाबालिक ही चला रहे है। इसके साथ ही सैकड़ो की संख्या में गाड़ियों पर नम्बर प्लेट नही लगा हुआ है। कुछ गाड़ियों में नम्बर प्लेट तो लगा है पर वह नम्बर दो पहिया वाहन का लगा रखे है।



सड़कों पर लहराकर चल रहे है। सड़क पर रिक्शा से टक्कर भी लग जाता है तो पुलिस उसका चलान भी नही कर सकती है क्योकि गाड़ी का नंबर प्लेट ही नही लगा होता है। ऐसे मे पुलिस ई-रिक्शा को थाने में तो खड़ी कर लेती है पर उसपर कोई ठोस कार्यवाही नही कर पाती है। जिससे प्रतिदिन सड़को पर लोग दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। ट्रांसपोर्टनगर एआरटीओं अखिलेश चन्द्र दिवेद्वी ने बताया कि किसी भी प्रकार की गाड़ी सड़क पर चल रही है तो उसका रजिस्टर्ड नम्बर होना चाहिए। गाड़ी पर गाड़ी नम्बर नही लिखा है तो उसको अवैध माना जायेगा। उन्होने कहा कि सड़क पर चलने वाले ई-रिक्शा तो नम्बर प्लेट लगाते पर गलियों में चलने वाले रिक्शा ज्यादातर नही लगाते है और ऐसे वाहन पकड़ में भी नही आते है। लेकिन आने वाले समय मे ऐसे गाड़ियों का गालियों में भी चालान किया जायेगा।

# एलटीटी, दादर व पुणे के लिए चलेंगी एक व दो फेरों वाली ट्रेनें

## यात्रियों की भारी भीड़ को देख एकल व दो फेरों के लिए ट्रेनें चलाने का लिया निर्णय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल से होकर गुजरने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 05001 छपरा जं-अजमेर जं ग्रीष्मकाल विशेष ट्रेन छपरा से 26 अप्रैल को सुबह 6.10 बजे प्रस्थान कर सीवान जं., थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., गोमती नगर, ऐशबाग जं., कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., शमशाबाद टाउन, आगरा छावनी, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., दौसा, खातीपुरा, जयपुर जं. होते हुए अजमेर जं. पर अगले दिन सुबह 7.30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में सामान्य सह एसएलआर/डी-2, सामान्य -2, स्लीपर -12, एसी तृतीय -2, एसी द्वितीय -1 कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 01015 दादर - गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक शनि, बुध 27अप्रैल, 01 मई व 04 मई को दादर से रात 23.30 बजे प्रस्थान कर ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक, मनमाड, जलगाँव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर तीसरे दिन सुबह 9.30 बजे




पहुंचेगी। तो 01016 गोरखपुर-दादर स्पेशल गोरखपुर से प्रत्येक सोम, शुक्र 29 अप्रैल, 03 व 06 मई को 15.30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन रात 12.25 बजे दादर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 10 स्लीपर, 06 सामान्य व 02 एसएलआर/डी सहित कुल 18 कोच लगेंगे। वहीं 01427 एलटीटी-गोरखपुर स्पेशल 26 अप्रैल व 1 मई को एलटीटी से रात 23.50 बजे प्रस्थान कर ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक, मनमाड, जलगाँव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, होते हुए गोरखपुर तीसरे दिन सुबह 9.30 बजे पहुंचेगी। तो गाड़ी संख्या 01428 गोरखपुर-एलटीटी स्पेशल 28 अप्रैल व 3 मई को गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन रात 12.25 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

वहीं 01411 पुणे-गोरखपुर स्पेशरल 27 अप्रैल को पुणे से सुबह 6.30 बजे प्रस्थान कर हडपसर, दौंड कॉर्ड लाईन, अहमदनगर जं., कोपरगांव, अंकाई, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर अगले दिन 14.50 बजे पहुंचेगी। तो 01412 गोरखपुर-पुणे स्पेशल गोरखपुर से 28 अप्रैल को शाम 18.30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 6.40 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में 01 पावर कार, 13 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित, 4 सामान्य, 01 स्लीपर, 1 एसएलआर/डी सहित 22 कोच लगेंगे।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 05325 गोरखपुर ज. - लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 10 मई से 25 मई तक विस्तार कर रोजाना चलेगी। तो ट्रेन संख्या 05326 एलटीटी-गोरखपुर स्पेशल 12 मई से 27 मई तक विस्तार के तहत रोजाना चलेगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# गंभीर रूप से घायल प्लंबर की इलाज के दौरान मौत



- सीवर लाइन का कर रहा था काम
- ठेकेदार समेत कर्मचारियों पर लगाये गंभीर आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मेनहोल में गिरकर मासूम की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि कर्मचारियों की लापरवाही से गुरूवार शाम सीवर लाईन में प्लम्बरिंग का कार्य कर रहे प्लम्बर की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गयी। प्लम्बर गंभीर हालत में सीवर लाइन में खुदे गड्ढे में परिजनों को मिला था। जिसे लोकबंधू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने मृतक के भाई ने मृतक प्लम्बर को सीवर लाईन गड्ढे में गिरकर चोटिल अवस्था में ठेकेदार सहित उसके कर्मचारियों पर छोड भाग जाने का आरोप लगाए हैं। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित प्रेम नगर में 28 वर्षीय विशाल शर्मा अपने बडे भाई अमित शर्मा व भाभी गुड़िया सहित भाई के बच्चों संग रहकर प्लम्बर का काम शान नामक ठेकेदार के साथ करता था। परिजनों के मुताबिक गुरूवार सुबह करीब नौ बजे घर से विशाल प्रेम नगर स्थित गुप्ता मार्केट के पास सीवर लाइन में खुदे गड्ढे में काम करने गया था। शाम करीब तीन बजे उन्हें उसके गड्ढे में गिरने की जानकारी हुई। जिसपर उन्होंने देखा कि विशाल चोटिल अवस्था में गड्ढे के बाहर पडा हुआ है और उसका ठेकेदार सहित उसके सहयोगी साथी फरार है। जिसे उन्होंने लोगों की मदद से इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहाँ चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेज दिया। जहाँ शुक्रवार को प्लम्बर विशाल की मौत हो गई।

**गड्ढे में गिरकर लोग होते हैं चोटिल:** कृष्णा नगर के प्रेम नगर गुप्ता मार्केट घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों राजन पवन सूरज सुमित सहित कई लोगों का कहना था। यहाँ पर ठेकेदार शान की देखरेख में सीवर की पाइप लाइन का काम चल रहा है। जिसके चलते मेन सड़क पर करीब आठ से दस फिट गड्ढा खोदा गया है। जो काम पिछले करीब दो महीने से चल रहा है। जिसमें आए दिन कोई न कोई गिरकर चोटिल होता है। गुरूवार को उन्हें प्लम्बर विशाल के चोटिल होने के साथ ठेकेदार व उसके साथी द्वारा छोडकर फरार हो जाने की जानकारी मिली थी। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से ठेकेदार व उसके कर्मचारियों के खिलाफ कोई शिकायत नहीं आई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कारवाई की जाएगी।

## दो युवकों ने फांसी लगा कर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा और निगोंहा में शुक्रवार को दो युवकों फांसी लगा जान दे दी। दुबग्गा के शाहपुर भमरौली निवासी बहनोई अमरीश के मुताबिक मलिहाबाद गोड़वा के रमेश (50) उसके साथ रहकर मजदूरी करता था।

अमरीश के मुताबिक शुक्रवार सुबह वह कमरे से बाहर निकले तो रमेश आंगन में जाल के सहारे फंदे से लटका हुआ था। जिसकी मौत हो चुकी थी। जिसे देख उनकी चीख निकल गई। आनन- फानन में आसपास के लोगों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। जो कुछ दिन से काम पर नहीं जा रहा था। रमेश अविवाहित था। उधर निगोहां गांव निवासी रामकली ने बताया कि उसका बेटा दिलीप



(25) गुरुवार शाम करीब आठ बजे घर मे खाना कहकर रोज की तरह गांव के बाहर आम की बाग में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह दिलीप का शव आम के पेड़ में चुनरी के फंदे से लटकता हुआ था। परिवारीजनों और ग्रामीणों की माने तो दिलीप नशे का लती था। मृतक तीन भाई थे जिसमें वह सबसे छोटा था। बड़ा भाई संतराम समेत मझला कुलदीप है जो मजदूरी करते है। मृतक दिलीप अविवाहित था।

**नहर में उतराता मिला शव:** नगराम। इंदिरा नहर में युवक का शव इंदिरा नहर में उतराता मिला। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि शुक्रवार शाम इंदिरा नगर के पटवा खेड़ा माइनर मोड़ पर एक युवक का शव उतराता मिला। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के शरीर पर काले रंग की पैंट व नीला शर्ट है। मृतक के शरीर की खाल उघड़ी हुई थी शव कई दिन पुराना लग रहा है, जो कहीं से बहकर यहां आ गया है। मृतक की उमर करीब पच्चीस साल की आंकी गई है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## रिटायर आयकर आयुक्त से मांगी पांच लाख की रंगदारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर कोतवाली में रिटायर आयकर आयुक्त ने किराएदार समेत तीन लोगों के खिलाफ मकान में चोरी करने और रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। विशालखंड निवासी पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. सुधाकर तिवारी के मुताबिक वर्ष 2020 में विभूतिखंड निवासी रोहित सोतिया और उनकी पत्नी निधि ने मकान किराए पर लेने के लिए सम्पर्क किया था। बातचीत के बाद किराया 33 हजार रुपये प्रतिमाह तय हुआ था। बीते कुछ वक्त से आरोपी किराया नहीं दे रहे थे। आरोप है कि निधि और रोहित ने मकान में लगे दरवाजे और डबल बेड चोरी कर लिया। जानकारी होने पर सुधाकर तिवारी ने विरोध जताया। इस पर आरोपी दम्पति गाली गलौज करने लगे। डॉ. सुधाकर के मुताबिक निधि और रोहित मकान में जबरन सिलाई सेंटर भी चलाते थे। इस कारण बिजली विभाग ने सुधाकर को नोटिस देकर करीब दो लाख रुपये जुमार्ना वसूला था। पूर्व आयकर आयुक्त ने इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की थी। इसके बाद निधि ने 24 मार्च तक मकान खाली कर बकाया किराया देने का दावा किया था। बाद में आरोपी दम्पति पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पाण्डेय ने बताया कि डॉ. सुधाकर की तहरीर पर निधि, रोहित और उनके साथी जमील अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**रिटायर इंस्पेक्टर के मकान में की तोड़फोड़:** महानगर कोतवाली में रिटायर इंस्पेक्टर ने तोड़फोड़ कर मकान को नुकसान पहुंचाने का मुकदम दर्ज कराया है। महानगर पेपरमिल कॉलोनी निवासी रिटायर इंस्पेक्टर अरविंद मोहन की पत्नी राज्यश्री ने वर्ष 1997 में एलडीए से मकान आवंटित कराया था। डबल स्टोरी मकान का निचला हिस्सा दिनेश बहादुर सिंह को आवंटित है। जिसमें नैना सिंह किराए पर रहती हैं। आरोप है कि नैना सिंह ने पति सिद्धार्थ सिंह के साथ मिल कर अरविंद की गैरमौजूदगी में मकान में तोड़फोड़ की। जिससे पूर्व इंस्पेक्टर के पहली मंजिल पर बने मकान को क्षति पहुंची। दीवारों में क्रैक हो गया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कार में आग लगने से दो किसानों की गृहस्थी जली

गोसाईंगंज। गोसाईगंज क्षेत्र के बीरमपुर गाँव में कार में आग लगने से दो किसानों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। बीरमपुर गाँव में शुक्रवार की दोपहर दो घरों में अचानक आग लग गयी। जिसमें किसान शिवकुमार व उनके पड़ोसी नन्हकू के घर का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित नन्हकू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह घर पर बैठे थे। इस दौरान घर के बाहर खड़ी चार पहिया गाड़ी में अचानक आग लग गयी। जिसकी लपटों से उसका घर भी चपेट में आग गयी। जिससे छप्पर के नीचे बंधे मवेशी झुलस गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल वाहन से आग बुझाई जा सकी।

## शराब पीने से मना करने पर युवक को पीटा

**लखनऊ।** चिनहट में गुरुवार रात घर के सामने शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने युवक की पिटाई कर दी। चिनहट के हरदासी खेड़ा निवासी विकास यादव के मुताबिक गुरुवार रात नौ बजे कुछ सामान लेने के लिए घर से बाहर निकले थे। इस बीच समेश्वर कालोनी के अभिषेक गौतम, सचिन यादव, आजाद रावत, आयुष कुमार घर के सामने बैठकर शराब पी रहे थे। यह देख उन्होंने शराब पीने से मना किया तो आरोपित गालियां देने लगे। विरोध जताने पर चारों ने मिलकर लाठी डंडे से उनकी पिटाई कर दी। चोट लगने से वह जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर परिवार व आसपास के लोगों को आता देख सभी धमकाते हुए उन्हें भाग गए। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुवेर्दी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

लखनऊ। आगामी लोकसभा को देखते हुए माल पुलिस ने शांति ब्यवस्था बनाये रखने और उपद्रियों पर नजर बनायें रखने के लिये सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को माल भरावन और माल गहदौं रोड़ पर रुदानखेड़ा पुलिया पर वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। जहां फोर व्हीलर और दोपहिया वाहनों को रोककर सघन चेकिंग की गयी। प्रत्येक फोर व्हीलरों को रोककर उनकी डिग्गी को भी खोलकर चेक किया गया। जबकि दो पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गयी। खामी पाये जाने पर कई वाहनों के चालान किये गये। वहीं हेलमेट न लगाने वाले बाइक चालकों को हिदायत भी दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संदिग्ध वाहनों व ब्यक्तियों पर कड़ी और पैनी नजर रखी जा रही है।

# मैनेजर के घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा नरपतखेड़ा स्थित निजी कंपनी के मैनेजर के मकान में घुस कर चोर गहने और रुपये बटोर ले गए। नरपतखेड़ा निवासी आशुतोष द्विवेदी निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। जिनके अनुसार बीती 22 अप्रैल को वह परिवार संग अंबेडकरनगर स्थित पैतृक गांव गए थे।

इस बीच चोरों ने अलमारी में रखें करीब एक लाख रुपये समेत कीमती जेवरात समेत घरेलू सामान चुरा ले गये। पीड़ित के मुताबिक एक मकान में लगे सीसी फुटेज चेक करने पर दो लोग गली में पैदल आते हुए दिखाई पड़े हैं। जो घर की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हुए थे।

**शिक्षक के घर से जेवरात व नगदी उड़ाई:** नर्सिंग शिक्षक के बंद घर के चोरों ने जेवरात समेत नगदी को चोरी कर लिया। हरकंशगढी में स्थित गोकुल विहार कालो ?नी निवासी चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया वह और पत्नी दोनों नर्सिंग शिक्षक है। मौजूदा समय में उनकी तैनाती बस्ती जनपद में है, जबकि पत्नी लखनऊ में तैनात है, चन्द्र प्रकाश ने बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह बस्ती ड्यूटी पर चले गये थे। जबकी पत्नी भी बच्चों संग अपने मायके चली गयी थी। इस दौरान चोरों ने मकान में घुस कर सात लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व 30 हजार की नगदी चुरा ले गये।

**ब्यूटी पार्लर की दुकान में चोरी:** गोमतीनगर कोतवाली क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर के दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने सामान चुरा लिया। रितिका मोहन निवासी विजयखण्ड ने बतायास कि वह भूतल पर पिछले तीन-चार साल से किराए पर रह रही है। इसी में उनका ब्यूटी पार्लर संचालित है। वर्तमान में वह साउथ सिटी रायबरेली रोड पर बने पैतृक आवास में रह रही है। बीते दिनों चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 48 हजार रुपये समेत दुकान का कीमती सामान चोरी कर लिया। जांच करने पर सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक मेन गेट से छलांग लगाकर अन्दर आते दिख रहे है। जिनके हाथ में सरिया, पीठ पर बैग तथा मुंह पर कपडा बंधा था। जबकी दो अन्य युवक आती जाती गतिविधियों को देख रहे थे।

**इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी:** बंथरा में चारों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान की दीवार काट कर सामान चुरा लिया। कटी बगिया, सराय शहजादी निवासी आलोक गुप्ता ने बताया कि वह बीती 13 अप्रैल को कानपुर रोड, बनी स्थित अपनी दुकान श्री बालाजी फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक का ताला बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन जब वह दुकान पर पर पहुचें तो दीवार कटी मिली। दुकान के अंदर रखे सामान समेत तीन हजार रुपये की नगदी गायब मिली। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है।

## दो मोटरसाइकिल चोर रंगेहाथ गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर इलाके में शुक्रवार को घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी कर ले जा रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथों धर दबोचा। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के मुताबिक थाना क्षेत्र के माती स्थित बलवंत खेड़ा निवासी हरीश यादव ने बताया कि शुक्रवार को उसके घर के बाहर खड़ी उसकी साइकिल चुरा कर एक युवक भाग रहा था। उसके साथ एक अन्य साइकिल से एक और युवक था। जिसे लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया गया। दोनों की पहचान बिजनौर के ही माती गांव निवासी मुकेश उर्फ रिक्की और रजनेश रावत के रूप में हुयी।




## श्री गुरु तेगबहादुर जी महाराज का 403वां प्रकाश पर्व आज

**लखनऊ।** धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का तीन दिवसीय 403वां प्रकाश पर्व 27 अप्रैल से गुरुद्वारा श्री गुरुसिंहसभा, मानसरोवर में मनाया जाएगा। कानपुर रोड़, एलडीए कालोनी स्थित गुरुद्वारे के अध्यक्ष सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि 29 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रम में रोजाना साध संगत गुरू महिमा का बखान करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह नौ बजे अखण्ड पाठ साहिब से होगी जो 29 अप्रैल को अखंड भोग से समाप्ति होगी। उन्होंने बताया कि दरबार हाल में अमृतसर से आए गुरजिन्दर सिंह , करतारपुर के राजिन्दर सिंह, बीबी कवलजीत कौर गुरवाणी, कीर्तन के साथ कथा से संगतों को निहाल करेंगे। इस अवसर पर लंगर भी वितरित किया जाएगा।

## विधि छात्रा के गले से उड़ाई चेन

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में महिला टप्पेबाजों ने बैटरी रिक्शा सवार विधि छात्रा के गले से चेन पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि रामदास खेड़ा सौभाग्य मैरेज हॉल के निकट रहने वाली राजलक्ष्मी के अनुसार वह सरोजनीनगर इलाके स्थित हीरालाल लां कालेज से पढाई कर रही है। बुधवार दोपहर वह परीक्षा देकर बैटरी रिक्शा से अपने घर जाने के लिए कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन जा रही थी। बल्दी खेड़ा मोड़ के पास रिक्शे पर चार महिला सवारी के रूप में बैठ गई। इस दौरान एक महिला बार-बार उल्टी की हरकत करने लगी। जिससे उसे काफी असहज महसूस हो रहा था और दूसरी महिला उसको पकड़कर सहला रही थी। इस दौरान महिला ने उसका पैर भी दबा दिया था। वह मैट्रो स्टेशन के पास उतर गई। आरोप है कि जब वह अपने घर पहुंची तो इसकी जानकारी हुयी।

## दो लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ।** महिलाओं से चेन लूट की घटना अंजाम देने वाले दो लुटेरों को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के मुताबिक गोमती एंक्लेव में रहने वाले प्रमोद गुप्ता की पत्नी की बीती 20 अप्रैल की सुबह लुटेरों ने चेन लूटी थी। जिसपर पुलिस ने टीम बनाकर सर्विलांस टीम की मदद से लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों की पहचान बरेली जिले के इज्जत नगर थाना अंतर्गत बैसपुर गुलड़िया का रहने वाला विशाल पटेल और बरेली में ही इज्जत नगर के खजुरिया घाट, मयूर विहार कॉलोनी में रहने वाले अरुण यादव के रूप में हुयी। बताया। पूछताछ में दोनों ने उसी दिन गोमती नगर में भी मॉर्निंग वॉक के दौरान एक महिला से चेन लूट की घटना कबूल की। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक शातिर चेन लुटेरे हैं। इसमें से विशाल के ऊपर विभिन्न थानों में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

## ढाई लाख हड़प कर भागे कोरियर कर्मी पर केस दर्ज

**लखनऊ।** विभूतिखंड कोतवाली में कोरियर कम्पनी के ड्राइवर और डिलवरी ब्वाय के खिलाफ ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज हुआ है। गोमतीनगर खरगापुर में एमएम लॉजिस्टिक का दफ्तर है। मैनेजर सत्यदेव मिश्र के अनुसार 12 अप्रैल को एजेंसी से पार्सल सप्लाई के लिए बिहार दरभंगा निवासी डिलवरी ब्वाय भूपेंद्र और वैन ड्राइवर विजय शुक्ला गए थे। जिन्होंने ग्राहकों को पार्सल सप्लाई नहीं किया और दफ्तर भी वापस नहीं आए। दोनों के फोन भी लगातार स्विच ऑफ थे। कई बार प्रयास किए जाने पर भी भूपेंद्र और विजय से सम्पर्क नहीं हो सका। जिसके बाद सत्यदेव ने विभूतिखंड कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उधर, राजाजीपुरम निवासी संजीत जायसवाल का मोहनभोग चौराहे पर मोतीमहल डीलक्स रेस्टोरेंट है। जिसमें पश्चिम बंगाल पुरुलिया निवासी सुनील कुमार कैशियर, बिहार पश्चिम चम्पारण निवासी मिथिलेश स्टोर मैनेजर और गौरव त्रिपाठी हेड मैनेजर थे।

## पुलिस चौकी में काम कर रहे बिजली कर्मी की करंट लगने से मौत

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र में बन रहे पुलिस सहायता केंद्र में काम कर रहे बिजली कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुटी है। बीकेटी प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे जानकारी मिली कि देवरई निवासी शानू जो इंदौर बाग में बन रही पुलिस सहायता केंद्र में बिजली की वायरिंग का काम कर रहा था, उसे करंट लग गया है। उसे गंभीर हालत में सौ सैया अस्पताल ले जाया गया है। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक ठेकेदार था, जो मेट का काम कर रहा था। जिसके साथ कई सहयोगी लगे हुए थे। जो उसे लेकर अस्पताल गए थे। मामले की छानबीन की जा रही है।

## एलपीजी सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** एलपीजी सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख यूपीएसओ प्रथम राजेश सिंह तथा केएम ठाकुर, सीजीएम (एलपीजी) ने लखनऊ मंडल कार्यालय द्वारा आयोजित एक व्यापक अभियान का नेतृत्व किया। निम्न आय वर्ग को लक्ष्य करते हुए यह पहल तकरोही क्षेत्र में शुरू हुई। अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय निवासियों के लिए बुलाई गई एक जन जागरूकता बैठक थी। जिसमें सरकारी स्कूल के छात्रों की सक्रिय भागीदारी भी शामिल थी।

# शैक्षिक भ्रमण पर आयी नेपाल पुलिस फोर्स

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत आयी नेपाल आई पुलिस फोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों ने महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, मुख्यालय पहुचं कर अधिकारियों से मुलाकात की। सीमांत शैक्षिक भ्रमण पर नेपाल से भारत आये नेपाल आई पुलिस फोर्स के 20 प्रशिक्षु अधिकारियों ने सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक रत्न संजय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की। शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र सीमा बल और नेपाल आर्ड पुलिस फोर्स के बीच में पारस्परिक तालमेल एवं आपसी समन्वय स्थापित कर मैत्री संबंधो को सुदृढ़ बनाना तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं प्रमुख ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराना है। जिनका



महानिरीक्षक ने स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।। तत्पश्चात रात्रि प्रीतिभोज में दोनों देशों की सांस्कृतिक विविधताओं को दशार्ते हुए जाज बैंड द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई साथ ही पाईप एवं ब्रास बैंड के मधुर धुनों के साथ समां बाँधा गया। कार्यक्रम के दौरान नेपाल प्रतिनिधि मंडल दल के अतिथियों के लिए प्रसिद्ध व्यंजनों को परोसा गया। अतिथियों को संबोधित करते हुए महानिरीक्षक महोदय ने बताया की भारत और नेपाल के मध्य संबंध अनादिकाल से है। दोनों पडोसी राष्ट्र सदियों से चले आ रहे भोगोलिक, ऐतिहासिक सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधो के कारण विशेष महत्त्व रखते है एवं दोनों राष्ट्रों के मध्य खुली सीमा, लोगों की निर्बाध आवाजाही, रोटी-बेटी का संबंध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भाषायी स्थिति में भी बहुत अधिक समानताएं है। भारत-नेपाल के मध्य अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल आर्ड पुलिस फोर्स की है। सीमा सुरक्षा के परिदृश्यों को सुदृढ एवं आपसी तालमेल को बढ़ावा देने हेतु इस शैक्षिक भ्रमण का बहुत अधिक महत्व है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय-समय पर नेपाल आई पुलिस फोर्स के साथ संयुक्त गस्त एवं मैत्रीपूर्ण खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। संयुक्त बैठक के माध्यम से सीमा सुरक्षा के परिदृश्य, बल की कार्यशैली, सीमा प्रबन्धन नीति और विभिन्न गतिविधियों से आगन्तुक अतिथियों को अवगत कराया गया एवं भारत-नेपाल के संबंधों पर भी परिचर्चा की गयी।

# युवतियों के साथ ठगी करने वाला नाइजीरियन गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फेसबुक इंस्टाग्राम और व्हाटसेप पर यूएसए व यूके के नागरिकों की फेक प्रोफाइल बनाकर भारतीय युवक व युवतियों को अपने प्रेम जाल में फंसाकर अन्तर्राष्टीय स्तर पर ठगी करने वाले नाइजीरियन नागरिक को यूपी एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने उसके कब्जे से 10 अदद मोबाइल फोन अदद पासपोर्ट नाइजीरिया फेक अदद डीएल एक अदद एक अदद निर्वाचन कार्ड नाइजीरिया आदि सामान बरामद किया है। एसटीएफ ने बताया कि भारतीय युवक/युवतियों से दोस्ती कर, महंगे गिफ्ट भेजने का झांसा देकर गिफ्ट आने पर कस्टम अधिकारी/इनकम टैक्स अधिकारी बनकर अधिक कैश या कीमती गिफ्ट होने की बात बताकर कस्टम ड्यूटी व इनकम टैक्स जमा करने व मनीलांड्रिग के नाम पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ठगी करने में माहिर था।

एसटीएफ ने बताया कि मई-2023 में आलमबाग की एक युवती से फेसबुक पर रेमण्ड यादव लन्दन के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती कर प्रेमजाल में फसाकर करोड़ों रुपए का पाउण्ड व महंगी ज्वेलरी आदि गिफ्ट भेजने की बात बतायी गयी। जिसके बाद एक महिला द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल कर व वीडियो भेजकर खुद को दिल्ली एयरपोर्ट की कस्टम अधिकारी बता कर वीडियो काल पर एक पैकेट दिखाया, जिसमें ज्वेलरी व महंगे गिफ्ट आदि है, जिसे प्राप्त करने हेतु कस्टम चार्ज के रूप में 25,900/- रुपए जमा करना हैं, तब यह पैकेट उसके पते पर पहुॅच जायेगा। इस पर युवती द्वारा कथित महिला कस्टम अधिकारी द्वारा बताये गये खाते में गूगल-पे के माध्यम से भेज दिया गया। जिसके बाद फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि आपके पैकेट में लगभग रुपए 10 लाख कीमत के पाउण्ड हैं, जिसके लिये फाइनेन्स डायरेक्टर का सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा, इस सर्टिफिकेट के लिये 10 हजार रुपए जमा करने होगे। युवती द्वारा 10 हजार रुपए जमा करने के बाद फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा फाइनेन्स डायरेक्टर के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया एवं इसके बाद बताया गया कि पाउण्ड को इण्डियन करेन्सी में बदलने के लिए 85,000/-रुपए जमा कर सर्टिफिकेट लेना होगा। युवती द्वारा उक्त 85,000/-रुपए जमा करने के पश्चात फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के नाम का एक कूटरचित सर्टिफिकेट भेजा गया। इसके 02 दिन बाद पैकेट रिसिव न होने पर फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गयी तो कस्टम अधिकारी द्वारा रिजर्व बैंक आफ इण्डिया में टैक्स जमा करने के नाम पर 7,500/-रुपए जमा करने की बात कही गयी। जिस पर युवती द्वारा उक्त 7,500/- रुपए जमा करने के बाद उक्त फर्जी कस्टम अधिकारी द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के नाम का एक और कूचरचित दस्तावेज भेजा गया। इसके कई दिनों बाद तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा फर्जी कस्टम अधिकारी से व्हाट्सएप पर बात की गयी तो कस्टम अधिकारी द्वारा बताया गया कि आपके पैकेट में करोड़ों रुपए के पाउण्ड निकल आये हैं, आपके ऊपर तो मनी लॉण्डरिंग का केस बन रहा है, बताकर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का सर्टिफिकेट दिलाकर केस खत्म कराने के लिए 10,000/-रुपए और जमा करा लिया तथा बताया कि 02 दिन में आपका पैकेट आ जायेगा। 02 दिन तक पैकेट रिसिव न होने पर युवती द्वारा पता किया गया तो पता चला की उसके साथ फ्राड हो गया है। इसके बाद युवती द्वारा अपने दिये हुये रूपयों को वापस करने हेतु फर्जी कस्टम अधिकारी को फोन किया गया। जिसके बाद युवती के मोबाइल नम्बर को कस्टम अधिकारी द्वारा ठसवबा कर दिया गया। एसटीएफ ने तकनीकी विषेषज्ञता एवं मुखबिर के माध्यम से सूचना संकलित करते हुए गुरूनानक नगर तिलक विहार दिल्ली से एसटीएफ टीम द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, जिससे उपरोक्त बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह नाइजिरिया का रहने वाला है तथा मकान नम्बर 245एफ, गली नम्बर-4, गुरूनानक नगर तिलक बिहार दिल्ली मे किराये पर रहता है। वर्ष-2019 में पासपोर्ट व वीजा से भारत मे आया था। नाइजिरिया से तमाम लोग भारत में आकर साइबर अपराध करके अच्छा पैसा कमाते है।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरे पुत्र स्व. आफताब आलम की मृत्यु के पश्चात बहू शाहिना परवीन का आचरण ठीक न होने के कारण मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बहू को बेदखल कर रही हूं। भविष्य में मेरा इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं है। शकीला बानो पत्नी मो. हासिम निवासी-काजीपुर-2, तहसील फतेहपुर, बाराबंकी।

## कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, बाराबंकी

संख्या-101/आबकारी दुकान/दैनिक-व्यवस्थापन/2024-25/जि.आ.अ./बाराबंकी दिनांक : 26/04/2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु नवीनीकरण/ई-लाटरी का प्रथम चरण व द्वितीय चरण/ई-टेण्डर के व्यवस्थापन के पश्चात अद्यतन अव्यवस्थित देशी शराब दुकान-जलालपुर (बी), विदेशी मदिरा दुकान-भिलवल व ग्रामसभा बतसिया मझेला, तथा भांग दुकान-सफदरगंज, धुरियापुरवा, कोटवा सड़क, बहरेला नहर, बारिनबाग, दरियाबाग, जिठौती, अलियाबाद, भिलवल (ए), भिलवल (बी), कुर्सी (ए), टिकैतगंज (ए), फतेहपुर नं.-2, कुसी (बी), टिकैतगंज (बी), मरकामऊ (ए), टिकैत नगर, मरकामऊ (बी), महादेवा (ए), सुढ़ियामऊ (ए), गनेशपुर (ए), सुढ़ियामऊ (बी), गनेशपुर (बी), का दैनिक आधार पर संचालित कराये जाने हेतु एक बार में चौदह दिवस या नियमित व्यवस्थापन जो पहले हो, दैनिक आधार पर आफ मांग कर अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जाना है। इसके लिए आवेदन/आफर दिनांक 27.04.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी में जमा कर सकते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनांक 27.04.2024 को सायं 04.00 बजे खोले जायेंगे। उपरोक्त दुकान की बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस इत्यादि की जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक तथा कार्यालय जिला आबाकारी अधिकारी, बाराबंकी से प्राप्त किया जा सकता है।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(सत्येन्द्र कुमार)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

# अक्षय तृतीया 10 को, बन रहे कई शुभ योग

● गजकेसरी योग और धन योग का हो रहा निर्माण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अक्षय तृतीया विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त माना गया है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया का पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। वैसे तो इस दिन बिना मुहूर्त निकाले शुभ कार्य, विवाह करना, सोना-चांदी खरीदना, नए कार्य करने से जैसे काम किए जा सकते हैं। लेकिन इस बार अक्षय तृतीया पर शुक्र अस्त होने के कारण विवाह नहीं हो पाएंगे। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी।

10 मई को अक्षय तृतीया के दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग और धन योग बन रहे हैं, जो 3 राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहेंगे। वहीं दूसरी ओर इस दिन सूर्य और शुक्र की मेष राशि में युति हो रही है, जिससे शुक्रादित्य योग बन रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल के अपनी उच्च राशि मीन में रहकर मालव्य राजयोग और वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है। इस तरह अक्षय तृतीया पर कई राजयोग का बनना 3 राशि वालों को मालामाल कर देता है।

**अक्षय तृतीया का महत्व:** वैदिक पंचांग के अनुसार साल कई ऐसे मुहूर्त होते हैं जिन्हें अबूझ साया कहा जाता है। यानि जिन लोगों की शादी-विवाह या मांगलिक कार्य के लिए साल भर में कोई मुहूर्त नहीं निकल रहा वह अबूझ तिथि के दिन मांगलिक कार्य कर सकते हैं। अक्षय तृतीया का दिन भी अबूझ मुहूर्त में से एक है। इस दिन किया गया शुभ कार्य सफल होता है और उसमें कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती। कहते हैं अक्षय तृतीया के दिन शादी या सगाई करने वालों को मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है और खुशहाली बनी रहती है।

### अक्षय तृतीया पूजा का मुहूर्त

अक्षय तृतीया की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 05:33 एएम से 12:18 पीएम तक है। इस दिन आप अपनी सुविधा अनुसार 6 घंटे से अधिक के शुभ समय में कभी भी पूजा कर सकते हैं। अक्षय तृतीया पर रवि योग सुबह 10:47 एएम से 11 मई को 05:33 एएम तक है।

### अक्षय तृतीया पर खरीदारी मुहूर्त

अक्षय तृतीया को पूरे दिन अबूझ मुहूर्त होता है। अक्षय तृतीया के दिन आप सूर्योदय से लेकर रात तक कभी भी खरीदारी कर सकते हैं। उस दिन बिना पंचांग देखे ही शुभ कार्य किया जाता है। ऐसे में आप अक्षय तृतीया पर कभी भी सोना, आभूषण, मकान, दुकान, वाहन, भूमि, प्लॉट आदि खरीद सकते हैं।

**अक्षय तृतीया पर लक्ष्मी पूजा का सुंदर संयोग:** अक्षय तृतीया पर माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं और शुक्रवार का दिन भी उनकी पूजा का है। ऐसे में अक्षय तृतीया पर लक्ष्मी पूजा का सुंदर संयोग बना है।

**अक्षय तृतीया शुभ योग :** इस बार अक्षय तृतीया पर सुकर्मा योग बन रहा है। इस योग का निर्माण दोपहर 12 बजकर 8 मिनट से हो रहा है, जो कि अगले दिन यानी 11 मई की सुबह 10 बजकर 03 मिनट तक रहेगा है. इसके अलावा इस दिन रवि योग का भी निर्माण हो रहा है, जो दिन भर रहेगा। वहीं, अक्षय तृतीया के दिन अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 13 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक है।

**अक्षय तृतीया की पूजा विधि:** इस दिन सुबह सवेरे उठकर स्नान किया जाता है और साफ कपड़े पहने जाते हैं। इसके बाद घर के मंदिर में घी का दीप जलाएं। इसके बाद माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूरी श्रृद्धापूर्वक पूजा करें। इसके बाद अंत में आरती करें और फिर भोग लगाकर पूजा का समापन करें। भोग को खुद भी खाएं और परिवार के सदस्यों को भी खिलाएं।

# श्रीमंहत देव्यागिरी ने शुरू की पौशाला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रीमनकामेश्वर मठ-मंदिर के तत्वावधान में शुक्रवार से आईटी चौराहे के पास हनुमान सेतु मंदिर मार्ग पर पौशाला शुरू की गई। मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने विधि-विधान से पूजन की और उसके बाद स्वयं राहगीरों को पानी पिलाकर जल सेवा शुरू की। इस अवसर पर राहगीरों को गुड़-चना और बिस्कुट दिए गए। श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने बताया कि पौशाला मई-जून दो महीने चलेगी, जिससे इस तपती गर्मी मे राहगीरों को पीने के लिए ठंडा पानी मिल सके। पौशाला में पांच मिट्टी के घड़े रख दिए गए। इस अवसर पर मंदिर के सेवादार श्रीकृष्ण अग्रवाल, मंदिर के प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय, वषा सहित अन्य भक्तों ने भी जल सेवा की।

# लखनऊ घराने के पारंपरिक कथक से सजी क्षितिज श्रृंखला की शाम

## प्रो कुमकुम धर की शिष्याओं की आईसीसीआर की ओर से हुई प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ घराने के पारंपरिक कथक नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियों का कलाप्रेमियों ने खूब आनंद उठाया। शुक्रवार को कथक गुरु प्रो कुमकुम धर की शिष्यों ने अपनी कथक प्रस्तुतियों से पूरा सभागार कथकमय कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् (आईसीसीआर) की ओर से संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन आईसीसीआर की क्षितिज श्रृंखला के अंतर्गत हुआ। जिसमें लखनऊ की कथक नृत्यांगना रंजना शर्मा और प्रेरणा राना ने अपने नव-प्रयोगों से कथकप्रेमियों को रूबरू कराया। कस्तूरी तिलकम ललाट पटले वक्षःस्थले कौस्तुभम..., रचना पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का बखान किया। इसके बाद कथक के शुद्ध शास्त्रीय रूप तीन ताल विलंबित लय में उपज, उठान, आमद एवं मध्य लय गणेश परन, परमेलू, टुकड़े तिहाई का खूबसूरती से प्रस्तुतिकरण कर आनंदित कर दिया। राग मिश्र पीलू में ढली ठुमरी 'बोल सखी री सावन भावत नाही...' में प्राकृतिक सुंदरता से परिचित कराया। एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों में जब रंजना व प्रेरणा ने कथकाचार्य पं. बिरजू महाराज की रचना 'श्री कृष्ण निरतत युग-युगा त्राम, दिग दिग तक थरी...' की प्रस्तुति कर पूरा सभागार कृष्णमय कर दिया। गायन व हारमोनियम पर इलियास खां, तबला पर इलियास हुसैन खां, सारंगी जीशान अब्बास, पढंत पर अदिति थपलियाल ने प्रभावी संगत की। आईसीसीआर के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में नृत्य निर्देशन व परिकल्पना डॉ कुमकुम धर की थी और संचालन ऐश्वर्या शुक्ला ने किया।

# एक सिंगल मां की कहानी है 'मैं हूं साथ तेरे'

## शो को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे उल्का गुप्ता और करण वोहरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जी टीवी पर 29 अप्रैल से प्रसारित होने जा रहे आगामी शो मैं हूं साथ तेरे को प्रमोट करने के लिये आज उल्का गुप्ता और करण वोहरा लखनऊ पहुंचे। जी टीवी की ओर से नवाबों के शहर लखनऊ में एक भव्य लॉन्च इवेंट आयोजित किया। अपनी यात्रा के दौरान उल्का गुप्ता और करण वोहरा ने फैंस के साथ-साथ स्थानीय मीडिया से भी मुलाकात कर अपनी भूमिका के बारे में बताया। दोनों शहर की खास जगहों पर गए, वहां लोगों से मिले और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उल्का गुप्ता व करण वोहरा ने बताया कि मैं हूं साथ तेरे शो में एक सिंगल मां जानवी की कहानी है, जो एक मां और बाप दोनों की जिम्मेदारियां निभाते हुए जिंदगी की मुश्किलों से गुजर रही है। ग्वालियर में रचा-बसा यह शो हमें जानवी के उतार-चढ़ाव भरे भावुक सफर पर ले जाता है, जहां वो अपनी दुनिया, अपने बेटे किआन को हमेशा खुश रखने की कोशिश करती रहती है। हालांकि किआन को एक पिता की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन वो अपनी मां की जिंदगी में एक आदमी की कमी जरूर महसूस करता है, खासतौर पर तब, जब वो उन्हें अकेले सारी बातों का ख्याल रखते हुए देखता है। ये कहानी उस वक्त एक दिलचस्प मोड़ लेती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजनेसमैन आर्यमन से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। फुल हाउस मीडिया के निर्माण में बने शो मैं हूं साथ तेरे का प्रसारण 29 अप्रैल से रोज शाम साढ़े सात बजे जी टीवी पर होगा।

**मेरी मां ही मेरी प्रेरणा रही:** उल्का गुप्ता ने कहा, जी टीवी लंबे समय से मेरा घर रहा है, जब मैंने झांसी की रानी में यंग मनु का रोल निभाया था। यह बड़ा दिलचस्प है कि मुझे अपने करियर के इतने शुरूआती दौर में एक मां का रोल निभाने का मौका मिल रहा है। जानवी का किरदार निभाने के लिए मेरी मां ही मेरी प्रेरणा रही हैं। मैं और करण अपने शो मैं हूं साथ तेरे को प्रमोट करने और दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद लेने के लिए आज लखनऊ आए हैं।

**खूबसूरत और मासूम लव स्टोरी:** इसी तरह करण वोहरा ने कहा कि इतनी खूबसूरत और मासूम लव स्टोरी के साथ जी टीवी चैनल पर वापसी करके मुझे बेहद खुशी हो रही है। आर्यमन जैसा इतनी खूबसूरती से लिखा गया किरदार निभाने से मुझे अपनी एक्टिंग रेंज दिखाने में मदद मिलती है। मुझे लगता है कि मेरे किरदार के साथ-साथ यह दिल छू लेने वाली कहानी यकीनन दर्शकों से जुड़ जाएगी।

### मैं हूं साथ तेरे' सीरियल में दिखाई देंगे यूपी के मयंक वर्मा

लखनऊ। यूपी बरेली के मयंक वर्मा जल्द जी टीवी के नए सीरियल 'मैं हूं साथ तेरे' में दिखाई देंगे। नए सीरियल में वह खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। उन्हें सीरियल में निशांत बुंदेला का किरदार मिला है। इससे पहले वह जीटीवी के ही 'मीत' बदलेगी दुनिया की रीत में अहम किरदार निभा रहे थे। मीत सीरियल ने पिछले साल अपना अंतिम एपीसोड पूरा किया था। जिसके बाद मयंक दूसरी सीरियल की तैयारी में लगे थे और उनके फैंस को छोटे पर्दे पर वापसी का इंतजार था। मयंक ने बताया कि खलनायक की भूमिका मिलने के बाद वह अभिनय कौशल को और भी अधिक निखार सकेंगे। मयंक के पिता बरेली जंक्शन से उप स्टेशन अधीक्षक के पद से रिटायर हैं।

# 22 वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार धूमधाम से सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अलीगंज हनुमान जी मंदिर निकट कपूरथला चौराहा, लखनऊ में अखिल भारतीय ब्रह्म समाज का 22वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह शुक्रवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व मे आयोजित कार्यक्रम में जिसमें काशी, चित्रकूट एवं नैमिषारण्य के विद्वान आचार्यों द्वारा 85 बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के कई जिलों के हजारों लोगों हिस्सा लिया। बरुआ खिलाने से प्रातः 8 बजे शुरू होकर संस्कार, मुण्डन, यज्ञ, वेदी पूजा, भिक्षा कार्यक्रम और बैण्ड बाजे के साथ काशी पढ़ने के बाद मामाजी के द्वारा मनाये जाने के साथ सायं 5 बजे सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर सनातन महासभा अध्यक्ष डा प्रवीण ने कहा कि आज से ही इन बटुकों को वेद की मुख्य शिक्षा प्रारम्भ की जायेगी। अब यह सभी विद्यार्थी नित्य त्रिकाल संध्या करेंगे व गुरुकुल में रहते हुए वेद की शिक्षा प्राप्त करेंगे जिससे आगे चलकर सम्पूर्ण समाज को अपने ज्ञान के माध्यम से धर्म व वेद का ज्ञान देंगे। इस अवसर पर विभिन्न ब्राह्मण संगठनो के प्रतिनिधियों सहित अखिल भारतीय ब्रहम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी, कार्यवाहक अध्यक्ष कोमल द्विवेदी, महामंत्री देवेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष दया शंकर पाण्डेय, राम कुमार चौबे, उपमहामंत्री राम कृष्ण त्रिपाठी, संजीव गिरी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, गिरिजा शंकर त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, महासचिव कौशिक बनर्जी, कोषाध्यक्ष गोविन्द मिश्र, सनातन महासभा अध्यक्ष डा प्रवीण, धारा नाथ मिश्र, लखनऊ जनपद अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव शैलेन्द्र शुक्ल, कार्यवाहक सचिव रमा शंकर वाजपेयी, राष्टीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विकट संकष्टी चतुर्थी आज, भक्त करेंगे बप्पा की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू नव वर्ष का दूसरा महीना वैशाख होता है। इस माह में स्नान, दान, जप और तप के कार्य बेहद शुभ माने गए हैं। द्दक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह की शुरूआत हो चुकी है और इसका समापन 23 मई को होगा। वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को विकट संकष्टी चतुर्थी व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गणेशजी की पूजा-आराधना करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। पंचांग के अनुसार, इस साल वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 27 अप्रैल सुबह 8 बजकर 17 मिनट पर हो रही है और अगले दिन 28 अप्रैल को 8 बजकर 21 मिनट पर इसका समापन होगा। इसलिए उदयातिथि के अनुसार, 27 अप्रैल को ही विकट संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी।

**पूजा सामग्री लिस्ट :** लकड़ी चौकी, पीला कपड़ा, जनेऊ, पान का पत्ता, लौंग, इलायची, गंगाजल, दूर्वा, रोली, सिंदूर, अक्षत, हल्दी, मौली, इत्र, गाय का घी, मोदक, चीनी समेत सभी सामग्री एकत्रित कर लें।

**पूजाविधि :** विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन विधि-विधान से गणेशजी की पूजा-आराधना का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि इससे धन, सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है। विकट संकष्टी चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठें। स्नानादि के बाद स्वच्छ कपड़े पहनें। इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई करें। घर में गंगाजल का छिड़काव करें। एक चौकी पर लाल या पीले वस्त्र बिछाएं। उस पर गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करें। अब गणपति बप्पा की विधि-विधान से पूजा करें। उनके समक्ष घी का दीपक जलाएं। गणेशजी को फल, फूल, दूर्वा, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित करें। गणेशजी के बीज मंत्रों का जाप करें। उन्हें मोदक या मोतीचूर के लड्डू का भोग लगाएं। फिर सभी देवी-देवताओं के साथ गणेशजी की आरती उतारें और लोगों में प्रसाद बांटे।

# प्रभु राम के जीवन पर बने चित्र व मूर्तियां बनीं आकर्षण का केंद्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उ.प्र. के संयुक्त तत्त्वावधान में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत पर आधारित 2 दिवसीय चित्रकला शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन धर्मार्थ कार्य विभाग, उ.प्र. द्वारा प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक विज्ञान केन्द्र नैमिषारण्य के प्रारूप एवं विकास की रूप रेखा पर आयोजित दो संगोष्ठी के अवसर पर किया गया।

कलाकारों द्वारा चित्रों का सृजन विशेष रूप से नैमिषारण्य के धार्मिक महत्व पर आधारित किया गया है। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा शिविर एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया इस अवसर पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने भी चित्र मूर्ति प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा शिविर में सृजित कलाकृतियों के संयोजन एवं विषयवस्तु से भी प्रभावित हुई। राज्य ललित कला अकादमी, उ.प्र. की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने सभी अतिथियों को कलाकृतियों की विषय-वस्तु तथा उनकी विशेषताओं के बारे में अवगत कराया तथा अकादमी की अन्य विशिष्ट गतिविधियों के बारे में भी चर्चा किया। संगोष्ठी में पधारे महानुभावों एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन निदेशिका महोदया द्वारा किया गया। शिविर के सभी छह प्रतिभागियों द्वारा सृजित चित्र अकादमी में सरंक्षित किये जायेंगे। प्रदर्शनी में भगवान श्री राम के जीवन वृत्त पर बने चित्र तथा मूर्तियां अतिथियों के आकर्षण का केन्द्र रहीं।

# यश कुमार की भोजपुरी फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं। वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार। हम कामना करते हैं कि आप भोजपुरी सिनेमा में ऐसे ही आने वाले लंबे समय तक काम करते रहें। यश कुमार की फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के लेखक एसके चौहान हैं। यश कुमार की 100वीं फिल्म में उनके साथ सपना चौहान, अवधेश मिश्रा, बालेश्वर सिंह, युगांत पांडेय, राधे मिश्रा, संजीव मिश्रा, धाम वर्मा, शिवांशी सिंह, यामिनी जोशी, जया पांडेय, ममता वर्मा, ज्योति केसर, रागिनी दुबे, सुकू चौहान और नीलू यादव मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। म्यूजिक मुन्ना दुबे का है।

# प्रदर्शनी में 62 दिग्गज कलाकारों की लगभग 75 पेंटिंग प्रदर्शित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कला समागम की ओर से प्रथम सोपान शीर्षक कला प्रदर्शनी का राज्य ललित कला अकादमी में उद्घाटन हुआ। प्रदशर्नी का उद्घाटन मुख्य अतिथि गौरी शंकर वर्मा (मीनाकारी कला में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, 1951 के कला विद्यालय के छात्र) व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कला समीक्षक श्याम वर्मा प्रसिद्ध चित्रकार राजीव मिश्र, अजीत सिंह, किरन राठौर ने किया। प्रदर्शनी कला विद्यालय के पूर्व कला आचार्य बद्रीनाथ आर्या को समर्पित है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी 28 अप्रैल तक लगी रहेगी।

प्रदर्शनी में 62 दिग्गज कलाकारों की लगभग 75 पेंटिंग प्रदर्शित की गईं। इन कलाकारों में गौरी शंकर वर्मा, पृथ्वी राज सिंह, श्याम वर्मा, सीताराम कश्यप, एम.के.कदम, राजीव मिश्र, अजीत सिंह सुशीला फ्रेंक, नीरा निगम, प्रेम कुमार शर्मा, विभावरी सिंह, मनीषा सिंह, अंजू पांडेय, रविकांत पांडेय, सरोज सिंह, दिनंश गुप्ता, तूलिका कश्यप, शैफाली कपूर, श्रुति कौशिक, संजय प्रजापति, प्रदीप सिंह, पूनम नाग, सुनी वर्मा, जय गुप्ता, निहारिका सिंह, अकिंत प्रजापति, अकाश दुबे, अनिकेत पटेल, धीरज मंध्यानी अमर पाल, शुभम विश्वकर्मा, मानसी मौर्या, शिवम वर्मा, धरम सेन पाल, मोहिता शुक्ला, अरीन्द्र चौधरी, कीर्ती, मोनिका, ज्योति प्रजापति, सिद्धान्त गुप्ता, अर्चना गौतम, अंशिका शुक्ला, रुदांबा सिंह, वर्तिका त्रिपाठी, कलपना वर्मा, हर्शिका सिंह, वंदना प्रजापति, बरीजा नाजिम, धीरेन्द्र प्रताप, अनुज गुप्ता, श्रुति, शालिनी, श्रषभ, मदन, प्रांजली मदनलाल, अमनदीप, कौशिकी द्विवेदी, शिवांगी सिंह, तान्या सिंह, रितिका बुद्धराजा की कलाकृतियां शामिल हैं।

# पूर्वी विस क्षेत्र के भाजपा व गठबंधन प्रत्याशी ने भरा पर्चा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। लखनऊ पूर्व विधासभा सीट पर होने जा रहे उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। प्रातः हनुमान सेतु मंदिर से पार्टी रथ पर सवार होकर बड़ी संख्या में कार्यकताओं के काफिले के साथ कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान किया। रथ पर साथ में वित्त मंत्री सुरेश

- **कड़ी सुरक्षा के बीच लॉव लश्कर के साथ पहुंचे भाजपा व गठबंधन प्रत्याशी**

खन्ना, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रस्तावक त्रिलोक अधिकारी महानगर महामंत्री, अरुण कुमार तिवारी पार्षद राजीव गांधी द्वितीय वार्ड, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, शिव शंकर अवस्थी, हेमंत दयाल, राकेश सिंह, प्रभु नाथ राय साथ में उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर ओपी श्रीवास्तव ने एसीएम 4 सचिन वर्मा को कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 21 में नामांकन पत्र सौंपा। एडवोकेट प्रशांत सिंह अटल और विनय पटेल उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रातः ओपी श्रीवास्तव ने सबसे पहले अपने घर में पूजा अर्चना की। उसके बाद प्रसिद्ध हनुमान से मंदिर पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मंदिर में पूजन अर्चन कर गणेश भगवान और बजरंगबली सहित देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। उनके साथ पुत्र दर्पण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकताओं ने भी हनुमान जी के दर्शन का लाभ लिया और अपने प्रत्याशी की जीत की कामना की। इसके बाद मंदिर पार्किंग से रोड शो के रूप में उनका काफिला कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हो गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं की भरी भीड़ उनके साथ थी। जय श्री राम और मोदी योगी व राजनाथ सिंह के नारों की गूँज के बीच भव्य जुलूस में भाजपा युवा मोर्चा और महिला मोर्चा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, उत्साह से नामांकन जुलूस में शामिल हुए। नामांकन जुलूस में इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी हैं तो मुमकिन, योगी हैं तो यकीन है। उन्होंने कहा कि लखनऊ लोकसभा सीट पर इस बार रिकॉर्ड टूटने जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीतने जा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ओपी ने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, पूर्वी विधानसभा सीट पर भाजपा पहले से ज्यादा मतों से जीत हासिल करेगी। वहीं उन्होंने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में पर बात करते हुए कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एनडीए गठबंधन चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। भाजपा प्रत्याशी ओपी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब देश की जनता ने अपना फैसला पहले ही सुना दिया है। नामांकन के बाद ओपी श्रीवास्तव ने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह उनके जोरदार स्वागत का सिलसिला चलता रहा। इंदिरानगर ईश्वरधाम मंदिर के सामने स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पहुंचने पर ओपी ने कार्यकताओं का हालचाल पूछा और चुनाव तैयारियों के बावत जानकारियां ली।

लोकसभा आम चुनाव और लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन लाव-लश्कर के साथ 173 लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव और गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने पर्चा भरा। भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव का काफिला करीब सवा 12 बजे स्वास्थ्य भवन चौराहा पहुंचा। इसके पूर्व उन्होंने हनुमान सेतु मंदिर के दर्शन किए। उनके साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल साथ में थे। कलेक्ट्रेट से पहले स्वास्थ्य भवन के पास बेरीकेडिंग से भाजपा प्रत्याशी और अन्य नेता पैदल गए। प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने कक्ष संख्या 21 में एसीएम चतुर्थ सचिन वर्मा को नामांकन पत्र सौंपा।

## नामांकन जुलूस के चलते कलेक्ट्रेट पर चौतरफा जाम

लखनऊ। कैसरबाग स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार से नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया। पहले दिन तीन रूटों पर वाहनों को रोका गया। जहां वाहन रोके गए वहीं पर लोगों ने अपने वाहनों की पार्किंग कर दी। ऐसे तीनों रूटों पर सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग से ट्रैफिक जाम रहा। नामांकन करने आए नेता और समर्थक वाहन सड़क किनारे छोड़कर चले गए। ऐसे में दोपहर 12 से दो बजे के बीच ट्रैफिक जाम में लोग फंसे नजर आए।

## चेकिंग में पकड़े गये 248 बेटिकट यात्री



लखनऊ। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपने अधिकृत यात्रियों की आरामदायक यात्रा के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। गाड़ियों में केवल अधिकृत यात्री ही यात्रा करें एवं प्लेटफार्मों पर केवल अधिकृत यात्रियों का ही आवागमन हो इस विषय को मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने अत्यंत गंभीरता से लिया है तथा उनके कुशल दिशा-निर्देशन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा के नेतृत्व मे योजनाबद्ध नीति को निर्धारित कर मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के जांच कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। इन्हीं जांच गतिविधियों के तहत शुक्रवार को मंडल वाणिज्य प्रबंधक उ.रे./ लखनऊ सिद्धार्थ वर्मा की उपस्थिति मे टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा उतरेटिया जं. स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान को संचालित किया गया। इस चेकिंग अभियान के तहत अनाधिकृत/बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ऐसे यात्रियों की सघन जांच की गई एवम उनसे जुर्माना वसूला गया। इस टिकट चेकिंग अभियान के अंतर्गत उतरेटिया स्टेशन पर कुल 248 बिना टिकट/अनियमित यात्रियों से 96460 रुपये की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूली गई। इस टिकट चेकिंग अभियान मे सहायक वाणिज्य प्रबन्धक उ.रे. लखनऊ सहित 01 वाणिज्य निरीक्षक, 01 मुख्य टिकट निरीक्षक, 20 टिकट चेकिंग कर्मचारी एवम आरपीएफ के 15 कर्मचारी उपस्थित रहे। इस जांच के दौरान गाड़ी संख्या 14204 लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, 14210 लखनऊ-प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस, 20401 वाराणसी-लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस, 12369 कुम्भ एक्सप्रेस, 13484 फरक्का एक्सप्रेस, 05325 गोरखपुर-मुम्बई लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष ट्रेन, 15269 मुजफ़्फ़रपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस, 14674 शहीद एक्सप्रेस, 22356 चंडीगढ़-पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 01420 गोरखपुर-पुणे विशेष किराया ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस की जांच की गई।

- **मंडल के उतरेटिया स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान**

# डीआरएम ने उतरेटिया स्टेशन का किया निरीक्षण

## डीआरएम ने लखनऊ-सुलतानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग से किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने मण्डल के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लखनऊ- सुलतानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया।

अपने इस निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उतरेटिया रेलवे स्टेशन के सम्पूर्ण परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उसके पश्चात सुलतानपुर स्टेशन पर पहुंचकर वेटिंग हाल, टिकट वितरण व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन पार्किंग, खान-पान के स्टाल, पेयजल व्यवस्था, पे एण्ड यूज शौचालय, पवार केबिन का निरीक्षण किया एवं पार्सल कार्यालय की कार्यक्षमता परखी। इसके उपरांत उन्होंने लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम पहुँचकर वहाँ की समस्त व्ययस्थाओं का मूल्यांकन किया एवं लॉबी की तकनीकी सुविधा की जांच की साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से संवाद भी किया इंजीनियरिंग विभाग के पी.डब्ल्यू.आई एवं आई.ओ.डब्ल्यू के कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए स्टाफ के हित के लिए किए जाने वाले डिजिटलीकरण के कार्यों की गहनता से जानकारी ली एवं कार्यालय के कंप्यूटर सिस्टम की कार्यक्षमता और संचालन की जांच की और वहाँ उपस्थित कर्मचारियों को डिजिटलीकरण के बारे मे आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। यूनियन के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ संवाद किया।

## लविवि के विधि संकाय को मिला प्रथम स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय को ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (जीएचआरडीसी) द्वारा करायी गयी नवीनतम सर्वे, 2024 की रिपोर्ट में टॉप लॉ स्कूल में उत्तर प्रदेश राज्य में प्रथम स्थान, नार्थ रीजन में भी प्रथम स्थान एवं भारत के टॉप लॉ स्कूल के सुपर एक्सिलेंस श्रेणी में छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। जिसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विधि संकाय के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

## भिवानी एक्सप्रेस बिन्दकी रोड स्टेशन पर रुकेगी

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु 14117/14118 प्रयागराज-भिवानी-प्रयागराज कालिन्दी एक्सप्रेस का बिन्दकी रोड स्टेशन पर 02 मिनट का प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप प्रयागराज जं. से 25 अप्रैल, 2024 से प्रस्थान करने वाली 14117 प्रयागराज-भिवानी कालिन्दी एक्सप्रेस बिन्दकी रोड स्टेशन पर 17.28 बजे पहुँचकर 17.30 बजे छूटेगी तथा भिवानी से 25 अप्रैल से प्रस्थान करने वाली 14118 भिवानी-प्रयागराज कालिन्दी एक्सप्रेस 26 अप्रैल से बिन्दकी रोड स्टेशन पर 10.10 बजे पहुँचकर 10.12 बजे छूटेगी रेलवे अफसरों ने बताया कि यात्रियों के डिमांड पर यह ठहराव बिन्दकी रोड स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर दिया गया है जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

## बिल जमा होने के बाद भी काट दिया कनेक्शन

लखनऊ। व्यापारी का बिल जमा होने के बाद भी एसडीओं द्वारा बिजली कनेक्शन काटने पर व्यापारियों में आक्रोश शुरु हो गया। डालीगंज इलाके में स्थानीय विद्युत उपकेंद्र की टीम ने एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया। पीड़ित कारोबारी की मानें तो उनकी देर रात को बिजली कनेक्शन काट दी गई, जबकि उनका अब तक का पूरा बिल जमा है और किसी प्रकार की बिल बकाया नही है। कारोबारी ने कहा कि इस क्षेत्र में लम्बे अर्से से कारोबार करते आ रहे हैं और ऐसे में बिना किसी पूर्व नोटिस के और बिना किसी बिल बकाये के ही ऐसे ही उनके दुकान का कनेक्शन काट दिया जाना गलत है। वहीं दूसरी तरफ जब इस प्रकरण पर डालीगंज इक्का स्टैंड के विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ अजीत सिंह ने बताया कि कारोबारी के यहां कुछ बिजली कनेक्शन में गड़बड़ी आ गई थी, जिसे सुबह जल्दी से ठीक कराकर चालू कर दिया गया। वहीं कारोबारी का कहना रहा कि ऐसी कोई बिजली कनेक्शन गड़बड़ी नहीं रही, यदि ऐसा कुछ होता तो वो खुद ही स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर जाकर शिकायत दर्ज कराते। इस मुद्दे पर उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार का कहना रहा कि जिस कारोबारी के यहां अनियमित कार्रवाई बिजली विभाग की टीम ने की है, वो काफी प्रतिष्ठित हैं और उनके यहां खुद कारोबारी समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराते रहते हैं और पुलिस प्रशासन का भी सामाजिक दायित्वों के तहत हर एक कार्यक्रमों में सहयोग करते रहते हैं। जिसे लेकर वो लोग जल्द ही ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से भी मिलेंगे।

## बैकलाइट स्ट्रिप लगाकर ट्रांसफार्मर को बचाया जायेगा

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. के विभिन्न जोन में ट्रांसफार्मर डैमेज को कम करने के लिये ट्रांसफार्मर पर बैकलाइट स्ट्रिप लगाकर फ्यूज लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। लेसा ट्रांस गोमती में लगभग 33 परिवर्तकों पर बैकलाइट स्ट्रिप लगाकर फ्यूज लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं क्षेत्र के अन्य परिवर्तकों पर भी फ्यूज लगाने का कार्य प्रगति पर है। निगम को निश्चत रुप से उपरोक्त कार्य के सभी क्षेत्रों में पूर्ण हो जाने के उपरान्त ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता को नियंत्रित कर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने के लक्ष्य के सापेक्ष आशातीत सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## हरिद्वार, मुंबई, नई दिल्ली के लिए चलेंगी विशेष गाड़ियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की भारी भीड़ को देख कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 03423 भागलपुर-हरिद्वार स्पेशल 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को भागलपुर से दोपहर 13.55 बजे प्रस्थान कर सुल्तालगंज, जमालपुर, अभयपुर, क्यिूल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर, अयोध्या धाम, बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर होते हुए हरिद्वार अगले दिन 17.55 बजे पहुंचेगी। तो वापसी में ट्रेन संख्या 03424 हरिद्वार-भागलपुर स्पेशल 30 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को हरिद्वार से शाम 19.55 बले प्रस्थान कर अगले दिन 21.20 बजे भागलपुर पहुंचेगी।

जबकि ट्रेन संख्या 01109 मुंबई-गोरखपुर स्पेशल 28 अप्रैल से 2 मई के बीच मुंबई से रात 23.50 बजे प्रस्थान कर दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जं., ऊरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर तीसरे दिन सुबह 8.20 बजे पहुंचेगी। तो वापसी में ट्रेन संख्या 01110 गोरखपुर-मुंबई स्पेशल 30 अप्रैल व 4 मई को गोरखपुर से सुबह 11.20 बजे प्रस्थान कर मुंबई अगले दिन रात 23.15 बजे पहुंचेगी। 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 28 अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे प्रस्थान कर मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ तथा गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली दूसरे दिन सुबह 7.00 बजे पहुँचेगी।

वहीं 04065 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 अप्रैल को दरभंगा से 20.30 बजे प्रस्थान कर समास्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, दूसरे दिन छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, गोंडा, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूण्डला तथा अलीगढ़ होते हुए नई दिल्ली दूसरे दिन रात 20.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जायेंगे।

# फूड प्वॉइजनिंग का शिकार हुए 47 रेल यात्री

लखनऊ। ट्रेन नंबर 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस में उस समय हड़कंप मच गया जब अनाधिकृत वेंडरों से खाना लेकर खाने के बाद करीब 47 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गये। उन्हें उल्टी-दस्त शुरु हो गये। थर्ड एसी व स्लीपर में यह यात्री सफर कर रहे थे।

ऐशबाग स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो यात्रियों ने रेलवे अफसरों को बड़ी संख्या में यात्रियों की हालत खराब होने की सूचना दी। मौके की नजाकत भांपते हुए एनईआर लखनऊ मंडल के डीसीएम अजय कुमार सोनी एवं मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मौके पर डाक्टरों की टीम के साथ पहुंचकर यात्रियों का इलाज शुरु कर उन्हें प्राथामिक उपचार दिया। डीसीएम अजय कुमार सुमन ने बताया कि नागपुर के पास अनाधिकृत वेंडरों से ट्रेन में यात्रियों ने भोजन लेकर खाया था। इसके बाद यात्रियों की धीरे-धीरे तबियत बिगड़ने लगी। उन्होंने बताया कि ऐशबाग स्टेशन पर यात्रियों फूड पॉइजनिंग का शिकार होने की जानकारी मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्रियों को सहायता पहुंचायी गयी। स्टेशन पर ट्रेन से 47 यात्रियों को उतारकर उनकी जांच आदि कर उन्हें जरूरी दवाएं देकर उन्हें राहत मिलने के बाद ट्रेन से रवाना किया गया।

हालांकि यात्रियों का कहना था कि उन्होंने कानपुर के पास वेंडरों से नाश्ता लिया था और उसे खाने के बाद थर्ड एसी में दर्जन यात्रियों को उल्टी दस्त शुरु हो गयी। यात्रियों का कहना था कि वेंडर वर्दी में थे। उधर, बड़ी संख्या में यात्रियों के बीमार होने की सूचना रेलवे अफसरों को दी गयी और सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। मंडल मुख्यालय पर रेल अफसरों को इसकी जानकारी मिलते ही मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार सुमन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीएन चौधरी को डाक्टरों की टीम के साथ मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये गये। असके उपरांत रेलवे अधिकारियों व स्टेशन अधीक्षक सहित डाक्टरों की टीम तत्काल थर्ड एसी कोच में पहुंचकर यात्रियों की जांच पड़ताल करने के साथ उन्हें दवाएं देकर राहत देने का प्रयास किया गया। इस बीच ट्रेन लगभग एक घंटे ऐशबाग स्टेशन पर खड़ी रही। डाक्टरों की टीम ऐशबाग पालीक्लीनिक से पहुंची थी जो बादशाहनगर तक यात्रियों के साथ गये। यात्रियों की तबियत ठीक होने के बाद यात्रियों को जरूरी दवाएं देकर आगे यात्री की अनुमति दी गयी। सूचना मिली है कि कुछ यात्रियों को रेलवे अस्पताल में भी भर्ती किया गया है इस बारे में डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि इस ट्रेन से आने वाले यात्री रात में कुछ लेकर खाया था जिससे इनकी हालत बिगड़ी। यहां पर चिकित्सकों की टीम द्वारा यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी दवाएं देकर उन्हें गन्तव्य भेजा गया।

- **यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस का मामला**
- **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीएन चौधरी ने किया प्राथमिक उपचार**
- **डीसीएम अजय कुमार सुमन भी मौके पर थे मौजूद**
- **अनाधिकृत वेंडरों से खाना लेकर खाये थे यात्री : डीआरएम**

## 29 को राजनाथ सिंह का नामांकन को ऐतिहासिक कराने की तैयारी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के ऐतिहासिक नामांकन की तैयारी के तहत हलवासिया कोर्ट में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सांसद रमापति राम शास्त्री, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, रक्षा मंत्री ओएसडी केपी सिंह, कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने सभी विधानसभाओं के संयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और पार्षद गणों के साथ नामांकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए बैठक कर कार्ययोजना सुनिश्चित की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि नामांकन जुलूस में प्रदेश कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक के मार्ग में निर्धारित विभिन्न प्वाइंटों पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संगठनों ने सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस के स्वागत की इच्छा व्यक्त की है। विभिन्न संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए जुटेंगे नामांकन जुलूस में शामिल हुजूम देखकर ही निश्चित रूप से रक्षा मंत्री की लखनऊ में ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है यह संदेश देना है। मुकेश शर्मा ने कहा कि 29 फरवरी को प्रदेश मुख्यालय के समक्ष सुबह नौ बजे से सभी लोग एकत्रित होंगे और उसके बाद लगभग 10 बजे राजनाथ सिंह पार्टी रथ पर वरिष्ठ नेता गणों के साथ कलेक्ट्रेट नामांकन के लिए रवाना होंगे। प्रदेश कार्यालय से शुभारंभ से लेकर पूरे रास्ते विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़े, शंखनाद के साथ स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। कैपिटल हाल के समक्ष विधायक डॉ. नीरज बोरा उत्तर विधानसभा कार्यकर्ताओं के साथ, उसके बाद पटेल प्रतिमा, इसके बाद पर्वतीय समाज महिलाओं द्वारा, उसके आगे पेट्रोल पंप पर ब्राह्मण समाज द्वारा, उसके आगे सिख समाज, हजरतगंज चौराहे के दाहिनी और पूर्व विधानसभा के कार्यकर्ता, छंगामल चिकन के आगे लखनऊ चिकन हैंडीक्राफ्ट संगठन द्वारा, मोती महल के आगे सिंधी समाज डांडिया नृत्य के साथ स्वागत, हजरतगंज जनपद मार्केट के आगे शिक्षक संघ, कपूर होटल के आगे हजरतगंज व्यापारियों द्वारा, डीआरएम कार्यालय के सामने रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा शालीमार बिल्डिंग पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ और अन्य व्यापारियों के साथ बिल्डिंग पर, मेफेयर बिल्डिंग पर भी व्यापारियों द्वारा लालबाग मोड पर पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ता, मार्क्समैन के सामने अल्पसंख्यक समाज के द्वारा, जुगल किशोर ज्वैलर्स पर अनुचित समाज और संगठनों द्वारा कलेक्ट्रेट तक भव्य स्वागत की कार्य योजना तय की गयी।

# संरक्षा को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : मुकेश मेहरोत्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में चल रहे द्वितीय संरक्षा महासम्मेलन के समापन दिवस के अवसर पर आज पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा, मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आशीष भाटिया एवं मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार तथा शाखाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम के आरम्भ में पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है। हमें संरक्षा को अपने जीवन की दिनचर्या तथा कार्यशैली में शामिल करना होगा। अनुशासन, कर्मठता, सजगता एवं तत्परता संरक्षा के प्रमुख कारक है। रेल संरक्षा में किसी भी प्रकार का समझौता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नही है। संरक्षित ट्रेन परिचालन हेतु कोड एवं मैनुअल के नियमों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मण्डल में संरक्षा आडिट के दौरान पायी गयी कमियों को अवश्य दूर करें। उन्होने कहा कि मण्डल में संरक्षा महासम्मेलन में भाग लेने वाले रेलकर्मियों ने जो ज्ञान व अनुभव प्राप्त किया है, उसे वह अपने स्टेशनों व कार्यस्थलों पर सहकर्मियों के साथ अवश्य साझा करें। टीम वर्क से संरक्षा और मजबूत होती है। परिचालन के दौरान सतर्क रहकर अपने कार्य को प्राथमिकता दे। उन्होने मण्डल के सभी अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को संरक्षा महासम्मेलन के आयोजन तथा सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा प्रतिभागियों को बधाई दी।

- **एनईआर में चल रहे द्वितीय संरक्षा महासम्मेलन का हुआ समापन**

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने कहा कि मण्डल में संरक्षा महासम्मेलन के आयोजन पर रेलकर्मियों में संरक्षा पर पारस्परिक चर्चा एवं सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। संरक्षा महासम्मेलन में भाग लेने वाले रेलकर्मियों को संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन ज्ञान व महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा, जिससे वह कार्यस्थलों पर सह कर्मियों के साथ साझा करेंगे। उन्होने मण्डल के संरक्षा विभाग व अन्य विभागों के रेलवे अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को संरक्षा महासम्मेलन के सफल आयोजन तथा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम में एहसास फाउंडेशन की संरक्षिका शची सिंह ने जीवन प्रबन्धन एवं कौशल विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होने कहा कि आप स्वयं को योग, ध्यान, देशाटन, खेलकूद एवं परिवारिजनों तथा मित्रों के साथ समय व्यतीत करके मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते है। इसके पश्चात किंग जार्ज मेडिकल कालेज, लखनऊ की डाइट विशेषज्ञ प्रियंका मिश्रा द्वारा रेलवे वर्क कल्चर में आहार योजना विषय पर पावर प्वाइंट के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यदेव पाठक द्वारा रचित रेल संरक्षा गीत लोको पायलट तुम रखना याद का विमोचन प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार द्वारा किया गया तथा उक्त संरक्षा गीत का वाचन श्री सत्यदेव पाठक द्वारा किया गया। अन्त में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने रेल कर्मियों द्वारा बनाये गये संरक्षा चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं ह्लसंरक्षा महासम्मेलनह्ल के दौरान आयोजित सर्वाधिक प्रतियोगिताओं में विजयी विद्युत/परिचालन विभाग को ओवर ऑल विजेता शील्ड प्रदान की गई तथा संरक्षा कार्यशालाओं, संरक्षा परामर्शदाताओं तथा नुक्कड़ नाटक के कलाकारों, संरक्षा स्लोगन, संरक्षा क्विज, संरक्षा निबन्ध, बेस्ट सेफ्टी विडियों, रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार ने सरंक्षा महासम्मेलन को सफल बनाने में मण्डल रेल प्रबन्धक एवं सभी विभाग के रेलकर्मियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

## डॉ. अमरजीत यादव को मिला योग वैभव अवार्ड



लखनऊ। लविवि के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कॉर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव को आरके एजुकेशन सोसाइटी ने योग वैभव अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड डॉ यादव द्वारा योग शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। इनके द्वारा आयुष विभाग, उप्र शासन द्वारा संचालित योग वेलनेस सेंटर तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर की कमेटियों में रहकर अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया तथा योग वेलनेस सेंटर की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। उप्र शासन तथा भारत सरकार की विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों के आयोजन में डॉ. यादव सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते है।

# चुनाव प्रक्रिया दुरुस्त

अट्ठारहवीं लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए हो रहे चुनाव पर तमाम पार्टियों के द्वारा जाहिर की जा रही शंकाओं का जवाब भी दे दिया और ईवीएम डेटा को वीवीपैट से शत-प्रतिशत मिलान अनिवार्य करने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि आज के दौर में अब न तो पीछे लौटा जा सकता है और न ही शत-प्रतिशत मिलान करने की जटिलतम प्रक्रिया को अपनाना व्यावहारिक है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को लेकर उठ रही तमाम शंकाओं, मांगों को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आज तक ईवीएम की हैकिंग की कोई रिपोर्ट नहीं है आयी है। इसे हैक किया भी नहीं जा सकता। ऐसे में इसके जरिए होने वाले मतदान पर सवाल उठाना निराधार है। जहां तक ईवीएम डाटा का वीवीपैट से शत-प्रतिशत मिलान की बात है तो सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में चुनाव आयोग की राय मांगी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने जो तथ्य सुप्रीम कोर्ट को बताया उसको समझते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट के शत-प्रतिशत मिलान की मांग को नहीं माना। दरअसल चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगर ईवीएम डाटा का वीवीपैट पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की जायेगी, तो चुनाव परिणाम



आने में 12 दिन लगेंगे। निश्चय ही इतनी लंबी मतगणना देश के लिए बोझ बन जायेगी। यह चुनाव कर्मियों पर, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर और परिणामों की बेसब्री से प्रतीक्षा करने वाले मतदाताओं पर एक तरह से जुल्म-ज्यादती होती। शायद इसी जटिलता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम डाटा का वीवीपैट पर्चियों से शत-प्रतिशत मिलान की मांग नहीं मानी। वैसे भी शत-प्रतिशत मिलान अगर किया जाता तो ईवीएम का उद्देश्य ही खत्म हो जाता। ईवीएम इसलिए आयी ताकि बैलेट पेपर से मैनुअल मतदान, मैनुअल गणना के बजाय सब कुछ डिजिटल हो जाये। इससे वोटिंग से लेकर मतगणना तक में आसानी होती है और बूथ कैप्चरिंग भी नहीं हो पाती। दरअसल ईवीएम मतदान प्रणाली से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता व स्मार्टनेस आयी है। आज प्रौद्योगिकी का युग है। डिजिटल क्रांति के इस युग में अगर हम अगर पीछे जायेंगे तो इससे हमारे लोकतंत्र की न तो गरिमा बढ़ेगी और न ही गुणवत्ता। इसलिए सभी दलों को एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने के लिए दूसरे मुद्दों को तलाशना चाहिए। चुनाव प्रणली पर सियासी मंशा से प्रश्न उठाकर गैर जरूरी अफवाह को बल नहीं देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला जाने से एक अच्छी बात भी हुई है। यह देश की चुनाव प्रक्रिया में विश्वास को बहाल करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रत्याशियों को यह अधिकार होगा कि वे अपनी शंका-समाधान के लिए पांच प्रतिशत ईवीएम-वीवीपैट का मिलान करा सकेंगे। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है कि अगर कोई उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर रहता है और उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है, तो वह पांच प्रतिशत ईवीएम को वीवीपैट से मिलान करा सकता है। इस फैसले से चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा और बढ़ेगा। दरअसल पांच प्रतिशत के सत्यापन से ही अगर गड़बड़ी होगी तो वह पकड़ में आ जायेगी। चुनाव ने यह भी कहा है कि सत्यापन प्रक्रिया का खर्च संबंधित उम्मीदवार को वहन करना पड़ेगा। इससे इस व्यवस्था का दुरुपयोग भी नहीं हो पायेगा। कुल मिलाकर सर्वोच्च अदालत का फैसला देश की चुनाव प्रक्रिया में भरोसा बढ़ाने वाला और अपवाहों पर विराम लगाने वाला है।

## विचार

इस सनातन नियम को याद रखो – यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

– सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

# बढ़ता जा रहा हथियारों का वैश्विक बाजार



**हमारी हालिया हथियार खरीदारी में पहले की तुलना में किंचित गिरावट आयी है। सरकार द्वारा किए गए रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' के कई प्रयासों से यह प्रभाव दिखा कि 2018-22 के बीच जो भारत वैश्विक हथियार बिक्री का 11 प्रतिशत का हिस्सेदार था। वह दस फीसद से कम रह गया है। मिलिट्री हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए हम पश्चिमी देशों और स्वदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर मिश्रित तौर पर निर्भर हैं, किसी एक पर नहीं।**

एक तरफ भाजपा ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्म निर्भरता का श्रेय लेने वाला पोस्टर जारी किया तो दूसरी तरफ 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (सीपरी) ने हथियारों की वैश्विक खरीद को लेकर ताजे आंकड़े जारी कर दिए। न्यूयार्क से जारी इन आंकड़ों के मुताबिक हथियार आयातक देशों ने पिछले साल की अपनी कुल खरीद से इस क्षेत्र में कीर्तिमान रचने के साथ ही अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड बना दिया है। पिछले साल इस मद में कुल 24 अरब डॉलर की राशि खर्च हुई है। रूस और इजराइल जैसे देशों ने एक बराबर खरीदारी की है। इन दोनों देशों की कुल हथियार खरीद में 24-24 फीसद का हिस्सा रहा यानी लगभग आधी खरीदारी तो इन दोनों युद्धग्रस्त देशों ने ही कर डाली। यूक्रेन और कुछ दूसरे देश लगातार मांग कर रहे हैं कि उन्हें शीघ्र ही और हथियार चाहिये और वे इसकी प्राप्ति के लिये प्रयासरत हैं। ताइवान ने यदि चीन से आशंकाग्रस्त होकर इस खरीद में 11 फीसदी की हिस्सेदारी निभाई है तो जापान ने भी इतनी ही कीमत के हथियार किस आशंका के चलते खरीदे, यह शोचनीय है? सऊदी अरब अगर कुल हथियार खरीद में सवा चार फीसदी की हिस्सेदारी रखता है तो खाड़ी में उसकी भू-राजनीतिक स्थिति तथा सामरिक रणनीति को देखते हुए उसे ठीक ठहराया जा सकता है। मगर हथियारों की खरीद में शांतिकामी भारत ने भी ठीक उतनी ही हिस्सेदारी निभाई है, बेशक यह उसकी क्षेत्रीय सामरिक चुनौतियों, भारी भरकम सेना और उसकी जरूरतों को देखते हुए आवश्यक था।

खैर तर्क कुछ भी हो, हथियार बाजार और उसकी खरीद फरोख्त में चढ़ाव का सीधा मतलब है कि विश्व शांति उतार पर है। यूक्रेन, रूस युद्ध ने 2009 से मंद पड़ते जा रहे हथियारों के धंधे को जैसे ही नई गति दी है। धंधेबाज देशों ने इस व्यवसाय को अपने कौशल, कमीशन और कारगुजारियों से इसना आगे बढ़ाया कि 'ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर' समीक्षा के मुताबिक इसकी विकास दर सात फीसदी तक पहुंच गई है। इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की खामोशी को ज्यादातर लोगों द्वारा सकारात्मक तौर पर देखना उचित ही है, संभव है दोनों आशंकित मुठभेड़ के बाद की जटिलताओं के मद्देनजर महज कूटनीति से ही काम चलाएं, युद्ध के रास्ते पर आगे कदम न बढ़ाएं लेकिन दोनों पक्ष देर सवेर इजराइल के साथ युद्ध के रास्ते पर उतरते हैं तो तमाम विद्रूपताओं के साथ एक खास और बड़ी बात यह होगी कि हथियारों के बाजार में तेज हलचल मचेगी। यूक्रेन और रूस के युद्ध के बाद हथियार बाजार पहले से ही सात फीसद की उठान पर चल रहा है, नया युद्ध इसकी आशंकाओं को और बढ़ा देगा। ईरान इजराइल के बीच आशंकित युद्ध हुआ तो प्रयुक्त हथियारों और उनकी खपत तथा आपूर्ति के अलावा भी इस मामले में इस क्रिया और प्रतिक्रिया का प्रभाव व्यापक होगा तथा तमाम तरह के भू-राजनीतिक तथा सामरिक समीकरण इसके लिये काम कर रहे होंगे। ऐसे में नए हथियारों के ग्राहक सीमित नहीं रहेंगे। फिलवक्त संसार के कुल 32 छोटे बड़े देश युद्धरत हैं और दूसरे शताधिक स्थानों पर व्यापक अशांति का माहौल है। तमाम देश अपनी सकल घरेलू आय का जो हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक विकास शोध के मद में नहीं खर्चते, उससे कहीं बड़ा हिस्सा हथियारों पर व्यय कर रहे हैं। अशांति और युद्ध का हथियारों से सीधा नाता है।

## युद्धों का असर

तब जबकि दुनिया के तमाम देश अपनी रक्षा क्षेत्र की जरूरतों के लिये भारी आयात पर निर्भर हों, उस समय भारत सरकार की यह घोषणा वाकई सुखद अहसास देती है कि रक्षा क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर हो गया है। यह निस्संदेह बहुत बड़ी उपलब्धि है। खासतौर पर तब जब देश रक्षा क्षेत्र में परंपरागत तौर पर दूसरे देशों के उत्पादों, उपस्करों, हथियारों और दूसरे साजो सामान पर अधिकतम निर्भर रहा हो। हमारी सेना के हाथ अमूमन रूस, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल वगैरह के हथियार रहे हैं इनके ही लड़ाकू विमानों से हमने जंग लड़ी। बात मात्र साजो सामान और हथियार की ही नहीं, कई तकनीक प्रणालियां भी हम आयातित ही इस्तेमाल करते रहे हैं।

नौसेना में तो ऐसा बहुत ज्यादा है। ऐसे में भले यह चुनावी प्रचार ही क्यों न हो, सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात सुखद लगती है। हालांकि यह कहना कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है या आत्मनिर्भरता के आसपास पहुंच गया है, अतिशयोक्ति होगी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन तो पचास फीसदी से ज्यादा का दावा किया है पर सच यही है कि हम आज भी तकरीबन 36 प्रतिशत रूसी हथियार बरत रहे हैं। बाकी देशों के हथियार भी हमारे पास कम नहीं है। बेशक हम आज भी हथियारों और दूसरे बहुत से सैन्य साजो सामान के लिये पूर्णतया आत्मनिर्भर नहीं हैं लेकिन जो लोग इस सरकारी प्रचार को भ्रामक बता रहे हैं, इसे सिरे से खारिज करते हुए अतिरेकी दावा और तथ्यातीत बता रहे हैं, वे भी सही नहीं हैं। असल में भारत आज भी संसार का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है, जो इस मामले में हमेशा ही ऊपर से पांच देशों में रहा है। पिछले साल दुनिया भर में जितने हथियार बिके उसका लगभग दस फीसद अकेले भारत ने खरीदा है। कोई देश सबसे ज्यादा हथियार खरीदे वह भी युद्धकाल से इतर मौके पर, देश में अशांत क्षेत्र भी ज्यादा न हों फिर वह यह भी दावा करे कि हम रक्षा और हथियार के क्षेत्र में किसी के मुहताज नहीं, आत्मनिर्भर हैं तो यह तर्क अव्यवहारिक और हास्यास्पद लगता है। दूसरे के हथियारों, तकनीक प्रणालियों को हासिल करने के लगातार उपक्रम करने वाला कोई देश यह कैसे कह सकता है कि वह हथियारों या रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है।

निस्संदेह जो थोड़े भी जागरूक होंगे वे सरकारी प्रचार को लेकर किंतु परंतु करेंगे। पर ताजे आंकड़े यह साबित करते हैं कि भले ही भारत अभी रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर न बना हो परंतु वह इस तरफ तेजी से आगे बढ़ा है। विपरीत परिस्थितियों में जब हर तरफ हथियारों की खरीद के लिए होड़ लगी हुई हो, महज मुट्ठीभर हथियार उत्पादक देशों का हथियार बाजार पर कब्जा हो और वही यह तय करे कि किस देश को कौन सा हथियार देना है, क्या नहीं देना है, कब देना है और किसके खिलाफ किसे आयुध नहीं देने हैं। उस दौर में भारत दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियार और युद्धक प्रणालियां बेच रहा है। तेजस जैसे भारतीय युद्धक विमानों की कई देशों में भारी मांग है। इस सूची में शीघ्र ही और बढ़त होती दिखने वाली है। तो जहां देश का सर्वोच्च हथियार आयातक होना तथ्य है, वहीं यह भी सच है कि वह न सिर्फ हथियार निर्मित कर रहा है बल्कि बेच भी रहा है। हमारी हालिया हथियार खरीदारी में पहले की तुलना में किंचित गिरावट आयी है। सरकार द्वारा किए गए रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' के कई प्रयासों से यह प्रभाव दिखा कि 2018-22 के बीच जो भारत वैश्विक हथियार बिक्री का 11 प्रतिशत का हिस्सेदार था। वह दस फीसद से कम रह गया है। मिलिट्री हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए हम पश्चिमी देशों और स्वदेशी आपूर्तिकताओं पर मिश्रित तौरपर निर्भर हैं, किसी एक पर नहीं। यह इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर प्रस्थान बिंदु है।

## सोशल मीडिया

छत्तीसगढ़ में महतारी आशीर्वाद से अबकी बार प्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलने वाला है और मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर हैट्रिक लगाने जा रहे हैं।

अमित शाह.



# अभावों का सामना

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़के आगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

अंतर्दृष्टि

# राजनीतिक दल छोटे, मगर सपने बड़े

**'चिल्ड्रन फर्स्ट पार्टी ऑफ इंडिया' के नाम और महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी स्थापना दिलीप ठाकोर ने की थी, जोकि बेंगलुरु स्थित प्रकाशक हैं और शिक्षा समाचार पत्रिका 'एजुकेशन वर्ल्ड' के सम्पादक हैं। इस पार्टी के लगभग 1000 सदस्य हैं और ऑनलाइन उपलब्ध इसके विस्तृत घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य भारत की अगली पीढ़ी का सशक्तिकरण है। 'आपकी हमारी पार्टी' के संस्थापक संजीतलाल अपने दल के उद्देश्य को लेकर एकदम स्पष्ट हैं - 'न साम्प्रदायिकता न जातिवाद, न राज्यवाद न क्षेत्रवाद, न भाषावाद न अंतरवाद, केवल राष्ट्रवाद, भारतवाद, एकवाद ही हमारी आवाज है।' 'गरीब आदमी पार्टी' का गठन 'आम आदमी पार्टी' की प्रतिक्रिया में किया गया था।**



लोकसभा चुनाव ● विजय कपूर

हरियाणा के हिसार में चुनाव कवर करते हुए एक ऐसी पार्टी के प्रत्याशी से मुलाकात हो गई, जिसका नाम मैंने पहले कभी नहीं सुना था। इस पार्टी का नाम है 'आरक्षण विरोधी पार्टी' और जाहिर है कि इसके नाम से ही इसका एजेंडा स्पष्ट हो जाता है। यह पार्टी उस राज्य में आरक्षण का विरोध कर रही है, जिसमें जाट अपने आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो अक्सर उग्र भी हो जाता है। बहरहाल, इस पार्टी के सदस्यों से वार्ता करने के बाद मैं सोचने लगा कि क्या यह अपने किस्म की इकलौती पार्टी है या ऐसी अन्य पार्टियां भी हैं? चुनाव आयोग की साईट सर्च की तो मालूम हुआ कि मई 2022 तक ऐसी 2,796 पार्टियां थीं, जिन्हें पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी (रजिस्टर्ड अनरिकोग्नाइज्ड पॉलिटिकल पार्टी) कहा जाता है। यहां इन सभी दलों के नाम तक लिखना संभव नहीं है, लेकिन अगर कुछ के नाम आपको बताये जायें- तमिलनाडु की इंडियन लवर्स पार्टी, तेलंगाना की इंडियन बिलीवर्स पार्टी, पश्चिम बंगाल की इंडियन मानुष पार्टी, बिहार की नेशनल टाइगर पार्टी, आंध्रप्रदेश की पिरामिड पार्टी ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र की विरोकी वीर इंडियन पार्टी आदि को तो यकीन से कहा जा सकता है कि इनमें से शायद ही किसी के बारे में आप जानते हों।



इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव में इन पार्टियों का मनोरंजन मूल्य है, लेकिन इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जिन विशेष उद्देश्यों को लेकर इन पार्टियों का गठन किया जाता है, उनका अपना महत्व अवश्य है। मसलन, गुजरात की राईट टू रिकॉल पार्टी को ही लें। भारत में स्विट्जरलैंड व कुछ अन्य देशों की तरह काम न करने वाले जनप्रतिनिधि को वापस बुलाने का प्रावधान नहीं है। यह पार्टी चाहती है कि जिस सांसद या विधायक के परफॉरमेंस से उसके क्षेत्र के 51 प्रतिशत मतदाता असंतुष्ट हों, उसकी सदस्यता बीच में ही समाप्त कर देनी चाहिए यानी जनता को उसे वापस बुलाने का अधिकार हो। इसी तरह बिहार में एक 'प्लुरल्स पार्टी' भी है, जिसकी विचारधारा में 'प्रगतिशीलवाद', 'उदारवाद' और 'विकेन्द्रीकरण' के साथ 'कांटवाद' भी शामिल है। इमैनुएल कांट जर्मनी के दार्शनिक थे। बिहार में कांट की टक्कर में कांट क्या कर रहे हैं? इस पर आप खुद सोचें। बहरहाल, जहां इन पार्टियों के गंभीर व नैतिक मूल्य हैं, वहीं इनमें से कुछ पार्टियां ऐसी भी हैं जो मजाक से ज्यादा कुछ नहीं हैं, जैसे ट्वेंटी-20 पार्टी या हाईटेक पार्टी। ओड़िशा में तो सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी और ओडिशा कम्युनिस्ट पार्टी भी हैं, जिन्हें माकपा या भाकपा भी गंभीरता से नहीं लेतीं हैं। ये सभी पार्टियां मतदाताओं को अपने बारे में खूब बढ़ चढ़कर बताती हैं, लेकिन इनमें से शायद ही कोई खुद को सर्वश्रेष्ठ पार्टी कहती हो, सिवाय 'सबसे अच्छी पार्टी' के। उत्तर प्रदेश में अरविन्द केजरीवाल की 'आप' से भी अलग एक 'आप' है, लेकिन वह 'आम आदमी पार्टी' नहीं बल्कि 'आपकी अपनी पार्टी' है। चूंकि इन पार्टियों के पास पैसे व सदस्यों का अभाव होता है, इसलिए इनमें से अधिकतर एक या दो चुनाव लड़ने के बाद पर्दे पर से गायब हो जाती हैं। कुछ तो कभी चुनाव लड़ती ही नहीं हैं। चुनाव आयोग का नियम यह है कि पंजीकरण के बाद पार्टी को पांच वर्ष के भीतर चुनाव लड़ना आवश्यक है। नियम का पालन न करने पर उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया जाता है। आरयूपीपी की लम्बी सूची में सैंकड़ों समुदायों, कारणों व विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व देखने को मिलता है, जिसमें भारत की विवधता में एकता भी नजर आती है। अगर एक तरफ बेघरों के लिए 'आल इंडिया होमलेस पीपल कांग्रेस' है तो दूसरी तरफ महिला सशक्तिकरण के लिए 'नारी शक्ति पार्टी' खड़ी हुई है। इसी प्रकार 'कंज्यूमर पार्टी ऑफ इंडिया' भी है जो उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है। कुछ के नाम तो खासे रोमानी हैं जैसे 'बेस्ट क्लास पार्टी', 'लाइफ पीसफुल पार्टी' और 'फ्रंट फॉर रेवोलुशनाइज्ड क्रिएटिव एफर्ट्स'। कुछ पार्टियां ऑनलाइन भी सक्रिय हैं, जिनमें से कुछ का जिक्र संक्षेप में करना आवश्यक मालूम होता है।

'इंडियन लवर्स पार्टी' शाम की मौज मस्ती के लिए निमंत्रण नहीं है। चेन्नै स्थित इस पार्टी का चुनाव चिन्ह दिल में ताजमहल है और इसके पोस्टर्स पर गुलाबी रंग बिखरा पड़ा है। इस पार्टी का उद्देश्य 'समाज के हाथों चोट खाए प्रेमियों के जख़्मी दिलों का घाव भरना है'। इसके संस्थापक बी कुमार श्री श्री उन प्रेमियों का जश्न मनाते हैं जो 'प्रेम विवाह' करके देश को जाति, दहेज व छुआछूत की कुरीतियों से मुक्त करा रहे हैं। आंध्रप्रदेश की पिरामिड पार्टी ऑफ इंडिया 25-वर्ष पुरानी पार्टी है। इसके गहरे आध्यात्मिक उद्देश्य हैं। इसकी वेबसाइट पर दावा किया गया है कि इस पार्टी का गठन 'भारत के सभी नागरिकों को ध्यान लगाने वालों, जागृत व्यक्तियों, शाकाहारी व शांति प्रेमी लोगों में बदलना है'। यह पार्टी 1999 के लोकसभा चुनाव के बाद से हर चुनाव में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारती है, जो कि वर्तमान चुनाव में लगभग 100 हैं।

'चिल्ड्रन फर्स्ट पार्टी ऑफ इंडिया' के नाम और महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी स्थापना दिलीप ठाकोर ने की थी, जोकि बेंगलुरु स्थित प्रकाशक हैं और शिक्षा समाचार पत्रिका 'एजुकेशन वर्ल्ड' के सम्पादक हैं। इस पार्टी के लगभग 1000 सदस्य हैं और ऑनलाइन उपलब्ध इसके विस्तृत घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य भारत की अगली पीढ़ी का सशक्तिकरण है। 'आपकी हमारी पार्टी' के संस्थापक संजीतलाल अपने दल के उद्देश्य को लेकर एकदम स्पष्ट हैं - 'न साम्प्रदायिकता न जातिवाद, न राज्यवाद न क्षेत्रवाद, न भाषावाद न अंतरवाद, केवल राष्ट्रवाद, भारतवाद, एकवाद ही हमारी आवाज है।' 'गरीब आदमी पार्टी' का गठन 'आम आदमी पार्टी' की प्रतिक्रिया में किया गया था। इसके संस्थापक अन्ना हजारे के आंदोलन में सक्रिय थे, लेकिन जब अरविन्द केजरीवाल ने पूरे आंदोलन को अपने हाथ में ले लिया तो वे निराश हो गये। यह पार्टी 'बदलेंगे राजनीति-बदलेंगे भारत' का नारा लगाते हुए रईस व गरीब के बीच में सच्ची समता लाने के लिए संघर्ष का वायदा करती है। 'जागते रहो पार्टी' का गठन भी टीम अन्ना के सदस्य प्रफुल देसाई ने गुजरात में किया था। वह पूर्व बैंक प्रबन्धक हैं और गरीबी व भ्रष्टाचार से परेशान हैं। उन्होंने अपनी वेबसाइट पर मोदी सरकार की सफलताओं व असफलताओं की लम्बी सूची दर्ज की हुई है।

## आप की बात

### श्रमिकों की सेवा सुरक्षा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### स्टार्टअप की मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टॉर्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियां बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवती के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**सिरौली, बरेली।** अपने ही गांव में एक शादी समारोह से वापस घर लौट रही युवती के साथ गांव के ही एक युवक ने मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म किया, पिता ने मामले की शिकायत थाना सिरौली पुलिस से की, पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।दरअसल सिरौली क्षेत्र के एक गांव में 23 अप्रैल की रात एक युवती उम्र 18 वर्ष गांव के एक शादी समारोह से समय साढ़े ग्यारह बजे वापस अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे एक युवक जिसका नाम सरवन उसको जबरन दबोच लिया तथा युवती के मुंह में कपड़ा ठूंस कर पड़ोस के एक खाली पड़े हुए मकान में ले गया जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। सुबह जब सब घर वाले सो कर उठे तो युवती उदास बैठी हुई थी पिता ने युवती से उदास होने का कारण पूछा तब डरी सहमी युवती ने रो रो कर अपनी आप बीती बताई जिसके बाद पिता ने आरोपियों के विरुद्ध थाना सिरौली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया। फिलहाल थाना सिरौली पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

# भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह ने किया नामांकन



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव 2024 के पंचम चरण के लिए 20 मई को मतदान होना है। जनपद में 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 54-फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम नितीश कुमार ने बताया कि नाम निर्देशन के प्रथम दिन 21 व्यक्तियों द्वारा 29 सेट नामांकन फार्म प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये। उन्होंने बताया कि 54-लोकसभा फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन सम्बंधी कार्यवाही की गयी।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनरूद प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारीगण मौजूद रहे।उपनिदेशक सूचना डा मुरलीधर सिंह ने बताया कि नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के बारे में एवं उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारी निर्वाचन आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर उपलब्ध है। जहां से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अन्य चुनाव सम्बंधी जानकारी के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह (9454416101) से सम्पर्क किया जा सकता है। संसदीय क्षेत्र फैजावाद के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद शुक्रवार को सांसद लल्लू सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर कलेक्टर स्थित नामांकन कक्ष व परिसर मे सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त रही। नामांकन स्थल का एसएसपी राज करन नैय्यर ने अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। जोन व सेक्टर बनाकर पुलिस बल को तैनात किया गया है। कलेक्ट्रेट के है।एसएसपी राज करण नैयर ने कहा फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। गई ।100 मीटर के दायरे में बैरीकेडिंग की गई है। पुलिस बलों की तैनाती की गई।

- 21 लोगों ने खरीदे 29 सेट नामांकन पत्र
- कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुआ नामांकन

# ऋंगी आश्रम पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा, भव्य स्वागत



जिला संवाददाता(vol)

गोसाईगंज-अयोध्या। पौराणिक चैरासी कोसी परिक्रमा शुक्रवार को अपने तीसरे पड़ाव स्थल रामनगरी अयोध्या धाम के प्रथम द्वार में शुमार श्रृंगी ऋषि आश्रम पर पहुंची। यात्रा का स्वागत रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीशदास के नेतृत्व में पुजारी महेंद्र कुमार, बाबा रामप्यारे दास सहित तमाम लोगो ने किया।यात्रा में दो जत्थे चल रहे है, जिनमे एक की अगुवाई धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गयादास व दूसरे जत्थे की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हनुमान मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कर रहे है।श्रृंगी ऋषि आश्रम पर साधु संतों को जलपान कराया गया।महंत गयादास ने बताया कि चैरासी कोसी परिक्रमा करने से सभी पापो का नाश हो जाता है।महंत गयादास के नेतृत्व में चल रही यात्रा रात्रि विश्राम कर अगले पड़ाव गोसाईगंज कस्बे के महादेवा घाट के लिए शनिवार को जंहा रवाना होगी वंही सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही यात्रा शुक्रवार की शाम अगले पड़ाव स्थल महादेवा घाट के लिए रवाना हो गयी।जंहा उनके स्वागत, जलपान व भोजन की ब्यवस्था महादेवा जीर्णोद्धार कमेटी द्वारा किया गया।यात्रा में हजारों साधु संत चल रहे है।श्रृंगी ऋषि आश्रम पर विनीत सिंह बिन्नू, उदयभान गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, डा दीपक गुप्ता, गजेंद्र पांडे, सुशील सिंह, । प्रसाद, जय प्रकाश, ध्रुव बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## 20 लीटर कच्ची शराब को बरामद



**बाराबंकी।** तालाब के किनारे बीहड़ जंगलो मे छुपाकर शराब का अवैध कारोबार करने वाले नशाखोरो के खिलाफ आबकारी की धड़पकड़ लगातार जारी है। आबकारी आयुक्त द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान आबकारी अमला पूरी मुस्तैदी से जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निदेशों का पालन करने में जुटी हुई है। आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र कुमार जंहा एक तरफ निदेशों का पालन कर रहे है। वही दूसरी तरफ अभियान चलाकर कच्ची शराब माफियाओ पर नकेल कसने का काम कर रहे है। टीम ने थाना कुर्सी अन्तर्गत ग्राम बेहड़पुरवा व बसारा मे दंबिश दी। 20 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके से 50 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। 1 अभियोग पंजीकृत किया गया।

## अनुरक्षण कार्य के कारण 28 को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच।** अधी.अभि. विद्युत सत्य प्रकाश ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल 2024 को 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र बहराइच पर स्थापित 33 के.वी. मेन बस का अनुरक्षण कार्य किया जाना है जिस कारण 28 अप्रैल को अपरान्ह 03:30 बजे से सांय 05:30 बजे तक शटडाउन रहेगा। अधी.अभि. विद्युत श्री प्रकाश ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

## वार्ड में किया गया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव



**बाराबंकी।** सत्यप्रेमी नगर वार्ड में संचारी रोग के रोक-थाम हेतु कीटनाशक दवाओ के छिड़काव क्षेत्रीय सभासद मुक्ता सिंह के नेतृत्व मे करवाया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत पूरे वार्ड की नालियों की समुचित सफाई कराकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नाली के किनारे चूना, मैलाथियान पाउडर तथा ब्लीचिंग ब्लीचिंग के पाउडर का छिड़काव कराया गया। सफाई निरीक्षक अधूलिका सिंह ने बताया अप्रैल-मई के माह में मच्छरों के लार्वा भारी संख्या में पैदा होते हैं। यह लार्वा उत्पन्न न हो इसके लिए नालियों में लगातार एंटी लार्वा कीटनाशक का छिड़काव कराया जा रहा है। अभियान में पूर्व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, सफाई नायक वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ने किया इण्डिया गठबंधन के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है। देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है। पिछले दस वर्षो से भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है लेकिन हकीकत में दस सालों मे भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है। और किसानों, नौजवानों मजदूरों सभी के अरमानों का गला घोटने का काम किया है। गांव गरीब खलिहान की खुशहाली के लिये इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया को हाथ के पंजे के निशान का बटन दबाकर भारी बहुमत से कामयाब बनायें। उक्त उद्गार पूर्व सांसद रामसागर रावत ने आज सिविल लाइन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवाई के आवास पर इण्डिया गठबन्धन केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के पश्चात कही।

# भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा सपा का दामन



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी द्वारा मिल्कीपुर क्षेत्र के इनायत नगर में आयोजित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के दर्जन नेता कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। सभी को इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सदस्यता दिलाई और कहा कि इन सभी के मान सम्मान में समाजवादी पार्टी हमेशा इनके साथ खड़ी रहेगी। इन सभी नेता कार्यकर्ता के शामिल होने से लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को फायदा मिलेगा।

जिसमें मुख्य रूप से विपिन तिवारी हरनाथ यादव सत्यबक्स तिवारी पंकज पाठक चिरकुट पासी रामचंद्र विश्वकर्मा शेर बहादुर यादव सुनील तिवारी परवाज अहमद सहित दर्जनों नेता कार्यकताओं ने भाजपा छोड़कर सपा की सदस्यता ली। सपा जिला प्रवक्ता चैधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महासचिव बख्तियार खान विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव डॉक्टर माखनलाल यादव जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत आदि लोग मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि 30 अप्रैल को 11:00 समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद नामांकन करेंगे। इंडिया गठबंधन एवं समाजवादी पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज पर पहुंचकर सभा और नामांकन को कामयाब बनावे। श्री यादव के अनुसार कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री आम आदमी पार्टी के नि० अध्यक्ष सभाजीत सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पूर्व विधायक अब्बास जैदी रुश्दी मिया पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव विशाल वर्मा लीलावती कुशवाहा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश अध्यक्ष वेद कमल आम आदमी पार्टी गठबंधन एवं समाजवादी पार्टी के सभी नेता पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## अग्निकाण्ड से प्रभावित 18 लोगों के खातों में भेजी गई . 1.3 लाख की धनराशि

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 24 अप्रैल 2024 को ग्राम दुधाधारी में हुए अग्नि दुर्घटना में 13 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 74,000=00 तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत कोयलहवा, सिलेडनगंज, बरूही में हुए अग्निकाण्ड में 05 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 29,000=00 की सहायता प्रदान की गई है। डीएम ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में हो रहे अग्नि घटनाओं के मद्देनजर समस्त तहसीलों को निर्देश दिया गया है कि तहसील अन्तर्गत अग्नि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों एवं परिवारों को मानवीय दृष्टिकोण हर संभव सहयोग प्रदान किया जाय तथा आग अथवा किसी अन्य दैवीय आपदा से होने वाली क्षति का आंकलन नियमानुसार पीड़ित पक्ष को अहैतुक सहायता, गृह अनुदान अथवा अन्य अनुमन्य सहायता भी प्रदान की जाय। डीएम ने बताया कि उपरोक्त अग्नि दुर्घटनाओं में जहां एक ओर मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचे वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य सरकारी अमला भी मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

# मूटकोर्ट प्रतियोगिता में क्वार्टर व सेमीफाइनल चरण में 8 टीमों ने किया प्रतिभाग



जिला संवाददाता(vol)

**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में चल रही राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल राउण्ड मे कुल 8 टीम ने प्रतिभाग किया।

क्वार्टर फाइनल निर्णयक मण्ड़ल मे डा0 आलोक पाण्डेय, अमित वी महाजन, डा0 तृष्ला सिंह, आनन्द सिंह, आदित्य तिवारी, मुदिता त्रिपाठी, डा0 नितेश चतुवेर्दी, रुदांश सिंह एंव सेमीफाइनल चरण मे निर्णायक मण्ड़ल मे डा0 अजय कुमार सिंह, डा0 शिव बहादुर तिवारी, राकेश कुमार मिश्रा, आदित्य तिवारी ने 4 टीमो को जज किया। प्रतियोगिता से पूर्व विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने निर्णायक मण्ड़ल के सदस्यो को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शनिवार 27 को फाइनल चरण की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 सुजीत मौजूद रहे।

- 27 को आयोजित होगा फाइनल चरण, विजयी टीमो को किया जायेगा

# महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल ने सिंधी अध्ययन केंद्र का किया दौरा



**अयोध्या।** प्रभु श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य राष्ट्र मंदिर का दर्शन करने महाराष्ट्र से अयोध्या पहुंचे सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट किशन हासानी ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कंवर राम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र का भी दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ रेखा हासानी, गुरुनानक नगर रायबरेली पंचायत के मुखिया राजेश चंदनानी, पूनम चंदनानी आदि भी रहे। केंद्र के पुस्तकालय में रखी अनेक दुर्लभ पुस्तकों, संग्रहालय में रखे सिंधु सभ्यता के प्रतीक चिन्हों को देख खासे रोमांचित विद्वानों ने अनेक महत्वपूर्ण सवाल केंद्र के सलाहकार ज्ञान प्रकाश टेकचंदानी ॠसरल ॠ से कर अपनी जानकारी में वृद्धि की। विश्व विद्यालय में सिंधी भाषा के प्रसार को किये जा रहे अथक प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की तो वहीं वचन दिया कि अपनी मातृभाषा के संरक्षण संवर्धन में जुटकर काम करेंगे व स्वजातीय बंधुओं व युवाओं को सिंधी भाषा को अनिवार्य रूप से अपनी शिक्षा में शामिल करने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने नई शिक्षा नीति की भी भूरि प्रशंसा करते इस अवसर को उपलब्ध कराने हेतु समाज के सरोकार से जुड़े अयोध्या के विश्व प्रकाश ॠरुपनॠ का भी विशेष आभार जताया। रायबरेली सिंधी पंचायत के मुखिया राजेश चंदनानी व पूनम ने भी रायबरेली में सिंधी भाषा के प्रसार में अपना कर्तव्य समझते घर घर जाकर सिंधी भाषा विकास पर कार्य करने का उत्साह दिखाया।

## संवीक्षा में विधिमान्य पाये गये 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये हैं। रिटर्निंग आफिसर मोनिका रानी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से आनन्द कुमार पुत्र अक्षयवर लाल, बहुजन समाज पार्टी से डॉ. बृजेश कुमार पुत्र रामहर्ष व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र पुत्र माता प्रसाद के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये। इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) के अभ्यर्थी भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार पुत्र सुन्दर लाल, बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचूलाल पुत्र लखराज, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम मिलन पुत्र अमरनाथ व राष्ट्र धारक दल से रिंकू साहनी पत्नी रोशन लाल नाविक तथा अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय जगराम पुत्र बाबादीन, जनार्दन गोंड पुत्र शिवबचन तथा रमेश बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि के नामांकन पत्र भी संवीक्षा में विधिमान्य पाये गये।

# स्कूल टीचर होंगे मनोदक्ष, स्टडेंट मनोविकार का शिक्षक करेंगे निदान



**अयोध्या।** स्कूल स्टडेंट में बढ़ रहे व्यवहार विकार व भावनात्मक समस्याओं के प्रति जागरूकता व प्रबंधन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षकों व अभिभावकों के संवेदीकरण हेतु त्रिस्तरीय मनोप्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाएंगे। जूनियर, मिडल व सीनियर ग्रुप में विभाजित सत्र में शिक्षक व अभिभावक शामिल होंगे जिसकी शुरूवात पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय से होगी। यह जानकारी जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डा आलोक मनदर्शन व केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आर सी पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दी गयी। चुनिंदा संस्थों में चलने वाले इस ट्रेनिंग सत्र से शिक्षा गुणवत्ता व व्यक्तित्व परिपक्वता का दोहरा लाभ छात्रों को मिलेगा, वही दूसरी तरफ शिक्षकों मे क्लास रूम प्रबंधन व भावनात्मक बुद्धिमता का विकास होगा। शिक्षकों को बिहेवियरल रिएक्शन व प्रोएक्शन के भेद को सिखाया जायेगा जिससे उनमे न केवल प्रोफेशनल बर्न आउट कम होगा बल्कि क्लास रूम प्रोडक्टिविटी में भी इजाफा होगा। अभिभावकों को भी हेल्थी पेरेंटिंग के टिप्स व ट्रिक्स सिखाये जायेगें जिससे वे ऑटोक्रेटिक व नेगलिजेंट पैरंट्स न होकर डेमोक्रेटिक पेरेंट्स बन सके। व्यवहार प्रबंधन ट्रेनिंग के सत्र से किशोरों में बढ़ रही आक्रामकता, अमर्यादित व्यवहार, मादक लत, डिजिटल एडिक्शन, जेंडर बेस्ड वायलेंस, एकाग्रता की कमी, टीनएज सेक्सुअल एक्टिविटी, रिस्क बिहेवियर अवसाद, उन्माद, पलायन वादी आत्मघाती या परघाती व्यवहार जैसी समस्याओं पर प्रमुख रूप से फोकस किया जायेगा।

# व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया नानपारा क्षेत्र का भ्रमण



जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

व्यय प्रेक्षक ने भ्रमण के दौरान पाया कि ईमामगंज चैराहा के निकट एफ.एस. टीम द्वारा वाहन की जांच की जा रही है। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि सरयू नहर खण्ड नानपारा मो. जीशन, उप निरीक्षक संदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य आरक्षी सुरेश यादव, आरक्षी विनय चैधरी व अजय चैधरी मौके पर मौजूद रहे। अवर अभि. ने व्यय प्रेक्षक को बताया कि अब तक 40 वाहनों की जांच की गई है। इसी प्रकार नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर भविनयापुर के निकट एक अन्य एफएस टीम वाहनों की जांच करते हुए पायी गयी। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि. नलकूप खण्ड बहराइच विनय कुमार खरवार, उप निरीक्षक शिवानन्द सिसौदिया, मुख्य आरक्षी अवधेश यादव, आरक्षी सुनील कुमार व सत्यव्रत चैरसिया मौके पर मौजूद पाये गये। टीम मुखिया द्वारा बताया गया कि अब तक 25 वाहनों की जांच की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने कुरमियन चैराहा व राणा पेट्रोल पम्प के निकट एसएसटी बैरियर का निरीक्षण कर टीम प्रभारी आनन्द रूवरूप व हरिशंकर प्रजापति से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया गया कि मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## कपड़े के कारखाने में लगी आग, हजारों का सामान राख

बहेड़ी, बरेली। कब्रिस्तान रोड के निकट मोहल्ला शेर नगर में गुरुवार रात करीब साढ़े तीन बजे एक कपड़े के कारखाने में आग लग गई। जिससे उसमें रखा हजारों की कीमत का कपड़ा जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।कारखाने में आग लगने की सूचना मालिक मोहम्मद अजीम निवासी शेर नगर को आस पड़ोस के लोगों से मिली तो उन्होंने आनन फानन फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

मौके पर पहुंची फायर टीम ने आसपास की दुकानों को आग की चपेट में आने से बचाते हुए कारखाने में लगी आग पर जैसे तैसे काबू पाया पर उसमें रखा कपड़ा तब तक स्वाहा हो गया।फायर स्टेशन प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में बाइक पर सवार होकर आए दो व्यक्ति कारखाने की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। कयास लगाया जा रहा है कि उनके द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है। आग लगने की घटना जंगल में आग की तरह फैली तो यूनुस अनम्भी मकिया।

## महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पति के साथ दवा करा कर घर लौट रही महिला को नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल महिला को इलाज के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज भिजवाया। जहां पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 अकमा निवासिनी एकता पाण्डेय (54) पत्नी राम केवल पाण्डेय अपने पति के साथ इलाज कराने सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज गई हुई थी। वह दावा करने के बाद घर वापस लौट रही थी। वह अयोध्या रायबरेली हाईवे 330-ए स्थित विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज के पास पहुंची ही थी कि तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया।

जिससे हाईवे पर गिर पड़ी और गंभीर चोटे आई। राहगीरों ने उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज भिजवाया। जहां तैनात डॉ अरविंद कुमार मौर्य ने महिला का प्राथमिक उपचार करते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज के डॉ अरविंद कुमार मौर्य ने बताया की एकता पाण्डेय के सिर में गंभीर चोटे थी। यहां पर इलाज संभव नहीं था, जिसके चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था ताकि सही इलाज हो सके।

संक्षेप

## भारत में युवाओं को सशक्त बना रहा है स्किल इंडिया डिजिटल हब

नई दिल्ली। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) ने आज की दुनिया में कौशल विकास को आकार देने के तरीकों पर विचार-विमर्श हेतुवैश्विक नेताओं को एक प्लेटफार्म पर लाने के लिए ग्लोबल स्किल्स फोरम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य था कि निरंतर आर्थिक समृद्धि लाने, व्यक्तियों को सार्थक रोजगार के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाने और समुदायों के भीतर समानता और लचीलेपन को आगे बढ़ाने के लिए कौशल विकास और आजीवन सीखना महत्वपूर्ण है। आईएलओ द्वारा आयोजित ह्यूमन-सेन्टर्ड डिजिटल ट्रान्सफॉर्मेशन ऑफ स्किल डेवलपमेन्ट पर पैनल चर्चा के दौरान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की पहल, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध), को उस टूल के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसने भारत के स्किल डेवलपमेन्ट ईकोसिस्टम को बदल दिया है।

## वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। आर्थिक शोध संस्थान राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) ने भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। एनआईपीएफपी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केंद्र करों में उछाल और राजस्व व्यय में कमी के माध्यम से राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर है। आर्थिक शोध संस्थान ने कहा कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र से महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय हस्तांतरण के कारण राज्यों में पूंजीगत व्यय वृद्धि मजबूत है। उल्लेखनीय है कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, वहीं अंर्ताष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और मॉर्गन स्टेनली ने वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है।

## शरीर की ऊर्जा बनाये रहने का स्रोत है बादाम

नई दिल्ली। भारत में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में चलने वाले आम चुनावों के बीच, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इस भागदौड़ के बीच, खुद को सक्रिय एवं एनर्जी से भरपूर बनाए रखने के लिए एक मुट्ठी बादाम का सेवन करें जिससे ये कार्यकर्ता पूरे दिन सक्रिय बने रहेंगे और अपने काम पर पूरा ध्यान दे पायेंगे। पार्टी कार्यकताओं को पूरे दिन सक्रिय रखने और उनका फोकस बनाए रखने के लिए बादाम एक सबसे बढ़िया स्रोत है। हेड रितिका समद्दर ने कहा बादाम अविश्वसनीय रूप से सुविधाजनक और बहुपयोगी भी हैं। कैम्पेन के कार्यक्रमों के बीच चाहे भागदौड़ हो या रैलियों का आयोजन, आप मुट्ठी भर बादाम आसानी से अपने साथ कहीं भी ले जा सकते हैं और चलते-फिरते खा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बादाम का आनंद किसी भी रूप में लिया जा सकता है, चाहे जिस रूप में हो या भोजन में शामिल करके।

## आतिशबाजी से लगी आग से छह की मौत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कुमार ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गयी। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन ने बात करते हुए कहा कि कल रात बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

# सेंसेक्स 609 अंक फिसला



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 609 अंक फिसल गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान एक समय यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी थम गई। बीते पांच दिनों में मानक सूचकांकों में करीब 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगातार पांच दिनों से तेजी का दौर चल रहा था लिहाजा बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी हुई थी। इसके पीछे वैश्विक कारकों का भी योगदान रहा। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से रुझान में बदलाव दिखा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। इसके अलावा बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इस बीच, आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग दर्ज की गई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया। अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार धारणा को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई।

## पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सीबीआई ने जब्त किये हथियार और गोला-बारूद



नयी दिल्ली/कोलकाता। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार जब्त किये गये। डिब्बों में विस्फोटक भरे हुए पाये गये। खोज अभियान अभी भी जारी है। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि घर के अंदर इतनी बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे गए थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग किए जाने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों का उपयोग कर इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। इस कार्य के लिए एक रोबोटिक उपकरण को भी लगाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी।

## रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली से स्थानीय मुद्रा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा को प्रभावित किया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में उसने 83.30 से 83.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया। अंत में 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.28 पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल के दाम में तेजी से रुपये में गिरावट आई। हमारा अनुमान है कि पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपया हल्के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी रुपये पर और दबाव डाल सकती है। हालांकि रिजर्व बैंक अगर कोई हस्तक्षेप करता है तो रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है...।

## जीडीपी वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान




नयी दिल्ली। डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है। मजूमदार ने कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

## कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा, हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यू.पी. (सी) 406।2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है। इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा भी शामिल थे। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि जनहित याचिका उन विचाराधीन कैदियों के हित में दायर की गई है, जो भीड़भाड़ वाली जेलों में बंद हैं। उन्होंने गुहार लगाई कि हर महीने कम से कम एक बार बैठक आयोजित करने के लिए एक समिति नियुक्त की जाए ताकि यह तय किया जा सके कि किस कैदी को संबंधित अदालत द्वारा पारित उचित आदेश के आधार पर रिहा किया जा सकता है।

## विकसित राष्ट्र बनाने को चौबीस घंटे काम कर रहे मोदी



राजकोट। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और देश के लोग भाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसा मेहनती तथा दूरदर्शी नेतृत्व मिला है।

वैष्णव ने गुजरात के राजकोट शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पर 1950 से 1990 के बीच का समय तथा 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासनकाल के दस वर्षों समेत पांच दशक बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 1947 में जब देश को आजादी मिली तो वह उत्साह से लबालब था। वैष्णव ने राजकोट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, लेकिन, दुर्भाग्य से 1947 के बाद पहले चार दशकों में जो सरकारें आईं, उन्होंने भारत की मूल शक्तियों और उद्यमशीलता की भावना को खत्म कर दिया। वर्ष 1950 से 1990 के बीच के हमारे चार दशक बर्बाद हुए। उन्होंने कहा कि आज के युवा उद्यमियों को इस बात पर विश्वास नहीं होगा कि उन दिनों अगर आप अपनी कार के स्टीयरिंग का डिजाइन बदलना चाहते थे या अपनी फैक्टरी में उत्पादन बढ़ाना चाहते थे तो आपको दिल्ली में एक कांग्रेस नेता से संपर्क करना पड़ता था। ऐसी ही बदतर स्थिति उस समय कांग्रेस शासन में थी। वैष्णव ने कहा कि हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्थिति में सुधार के लिए कदम उठाए, लेकिन 2004 और 2014 के बीच कांग्रेस शासन में सब कुछ शून्य हो गया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में दुनिया में चौथा स्थान हासिल कर सकता है। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2004 में हमारा स्थान दुनिया में 11वां था। वर्ष 2004 से 2014 के बीच सभी को उम्मीद थी कि हम कुछ स्थान ऊपर जायेंगे। लेकिन, जब 2014 में मोदी जी ने सत्ता संभाली, तो हम 11वें स्थान पर ही थे। वर्ष 2004 से 2014 के दशक में इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। तो हमने वो दस साल गंवा दिये। रेल मंत्री ने कहा कि मोदी ने भारत के वित्तीय क्षेत्र को ठीक किया, आत्मविश्वास वापस लेकर आए और जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) जैसे सुधार लागू किए। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वैष्णव ने कहा कि विकसित भारत की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 20 लाख से ज्यादा लोगों से सुझाव लिए और कई चर्चाओं में हिस्सा लिया। पांच साल की मध्यम अवधि की योजना भी तैयार है। ऐसे दूरदर्शी नेतृत्व के बिना कोई देश प्रगति नहीं कर सकता। हम भाग्यशाली हैं कि हमारा नेतृत्व इतनी मेहनत कर रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर पर




मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार, विगत कई सप्ताह तक बढ़ने के बाद, 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब पर पहुंच गया था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.79 अरब डॉलर घटकर 560.86 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.03 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गयी।

पेज एक का शेष

### दूसरा चरण

कोझिकोड में एक मतदान केंद्र पर बेहोश हुए एक एजेंट की बाद में मृत्यु हो गई। त्रिपुरा पूर्वी लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 77.53 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि कुछ बूथ से शिकायतें मिलीं लेकिन उन पर तत्काल कार्वाई की गई। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। राज्य में नक्सल प्रभावित तीन लोकसभा क्षेत्रों में तीन बजे तक 72.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर करीब 54.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। असम में पांच संसदीय क्षेत्रों में करीब 70.66 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कड़ी सुरक्षा के बीच मणिपुर में मतदान समाप्त होने तक 76.06 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कर्नाटक में 14 लोकसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 63.90 प्रतिशत मतदान हुआ।

### यूपी की आठ

बागपत में 53.69 फीसद, बुलंदशहर में 54.34 फीसद, गौतमबुद्धनगर में 52.46 फीसद, गाजियाबाद में 48.21 फीसद, मथुरा में 47.45 फीसद और मेरठ में 55.49 फीसद मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि दूसरे चरण के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी थे, जिनमें 81 पुरुष तथा 10 महिलाएं थीं। रिनवा ने बताया कि संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) में तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में रामायण धारावाहिक में भगवान राम की भूमिका निभा चुके भाजपा के अरुण गोविल (मेरठ), अभिनेत्री हेमा मालिनी (मथुरा), पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा (गौतमबुद्ध नगर) और अतुल गर्ग (गाजियाबाद) शामिल हैं।

### ईवीएम से

जाएगा। ईवीएम में तीन यूनिट होती है-बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा प्रणालियों या संस्थाओं का मूल्यांकन करते समय संतुलित दृष्टिकोण रखना जरूरी है, जबकि तंत्र के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अवांछित संशयवाद को उत्पन्न कर सकता है। पीठ ने सुझाव दिया कि निर्वाचन आयोग इसकी पड़ताल कर सकता है कि क्या वीवीपैट पर्चियों की गिनती के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का इस्तेमाल किया जा सकता है और क्या पार्टियों के लिए उनके चिह्न के साथ बार कोड का उपयोग किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रणाली का फिर से उपयोग करने का अनुरोध करने के अलावा, तीन याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय से यह अनुरोध किया था कि वीवीपैट पर्चियां मतदाता को दी जानी चाहिए, ताकि वे सत्यापन कर सकें और उसके बाद इसे गिनती के लिए मतपेटी में डाल दें। न्यायालय ने कहा कि यह भी अनुरोध किया गया था कि सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जाए। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, हम इन सभी याचिकाओं को खारिज करते हैं।

### इंडिया गठबंधन

लोगों को बर्दाश्त नहीं हुआ जो चुनाव के दिन वोट लूटने का खेल खेलते थे। प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के खिलाफ हमलावर रुख जारी रखते हुए कहा, उसके हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है। लेकिन देश के लोकतंत्र और बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, आज करीब दो घंटे पहले ही उच्चतम न्यायालय ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं। आज उच्चतम न्यायालय ने साफ-साफ कह दिया है मतपत्र वाला पुराना दौर वापस नहीं आएगा।

### भाजपा ने

हो गए हैं। सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है ताकि युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। उन्होंने युवाओं से संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने नौकरी व रोजगार तो छीना ही, आपका (युवाओं का) एक-तिहाई जीवन भी बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी व रोजगार न मिलने से युवाओं का भविष्य अंधकार में है, और उनकी जल्द शादी होने की संभावना भी कम नजर आ रही है।

### गोकशी को

में ले लेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच संप्रग की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किये थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को छह प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है।

### संविधान बचाने

हो रहा है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा हम, भारत के लोग -भारत के संविधान की यह आत्मा मतदान के लिए बटन दबाने से पहले आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।

### कम मतदान

कुछ सीटों पर यह भाजपा को भी फायदा दे रहा है। भाजपा 2014 के बाद से ही ओबीसी वर्ग में गैर यादव वोट और दलित समाज में गैर जाटव वोट पाती रही है। सवर्ण मतदाताओं के बड़ी संख्या में वोटों के बाद इन्हीं जातियों के समर्थन से भाजपा को बढ़त मिलती रही है। लेकिन इस बार जमीनी हकीकत यह है कि कुछ जातियों का वोट थोड़ा बिखर रहा है। खासतौर पर सवर्णों में ही ठाकुरों का एक हिस्सा भाजपा के खिलाफ वोट कर रहा है। सहारनपुर से नोएडा तक महापंचायतें हुई हैं और कई जगहों पर रणनीतिक तौर पर ठाकुर बिरादरी के लोग उस कैंडिडेट को वोट डाल रहे हैं, जो भाजपा से मुकाबले में हैं। हालांकि यहां एक बात यह भी है कि शहरी इलाकों में मोदी के नाम पर वोट ज्यादा पड़ रहा है और इसका असर कम है।

## मोदी के रोड शो ने फूंकी चुनाव में जान

### मुख्यमंत्री योगी, प्रदेशाध्यक्ष, सांसद संतोष और प्रत्याशी छत्रपाल के साथ पीएम उतरे सड़क पर



बरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शाम राजेन्द्र नगर में भव्य रोड झ शो किया। उनके साथ रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा के प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और मौजूदा सांसद संतोष गंगवार व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री का रोड शो शाम को करीब सात बजे स्वयंवर बारात घर से शुरू हुआ।

इससे पहले 1200 मीटर के इस रोड शो की कई दिनों से भव्य तैयारियां की जा रहीं थीं। स्वयंवर बारात घर से शुरू हुआ रोड शो धीमी गति से चला। खासतौर पर एक रथ बनाया गया था, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी सवार हुए, उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खड़े हुए। उनके बराबर में प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार खड़े हुए। पीछे की कतार में मौजूदा सांसद संतोष गंगवार व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे। स्वंयवर बारात घर से रथ बांके बिहारी मंदिर पर पहुंचा तब रथ को कुछ सेकेंड के लिए रोका गया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री व अन्य सभी ने बांके बिहारी मंदिर में हाथ जोड़कर बांके बिहारी का आशीर्वाद लिया। इस बीच मंदिर कमेटी से जुड़े व अन्य आसपास के जो लोग मंदिर की छत पर चढ़ गए थे, सुरक्षा कर्मियों ने उनको वहां से नीचे उतार दिया। फूलों की बारिश और जय श्री राम के नारों के बीच हाथ में कमल का फूल पकड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुस्करा के सभी का अभिवादन कर रहे थे। शील चौराहा यानी छत्रपति शिवाजी चौक पर केंद्र में मीडिया गैलरी बनाई गई थी, जहां से देश विदेश का मीडिया सीधा प्रसारण कर रहा था। प्रधानमंत्री ने सभी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इसके बाद उनका रथ सीधे सलेक्शन प्वाइंट चौराहे की ओर बढ़ गया। जहां पर रोड शो समाप्त हुआ तथा प्रधानमंत्री वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बरेली में आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काट दिया गया है। उनके स्थान पर बहेड़ी के विधायक रहे छत्रपाल गंगवार को नया उम्मीदवार बनाया गया है। यह माना जा रहा था कि शहर में चुनाव अभी कुछ धीमा है। मोदी के रोड शो ने चुनाव में जान फूंक दी है।

रोड शो से पहले स्वयंवर बारात घर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रभारी चौधरी देवेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डा.केएम अरोरा, सी पी एस चौहान, राजकुमार शर्मा, मेयर डा. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, मंत्री डा. अरुण कुमार, डा. राघवेन्द्र शर्मा, डा. एमपी आर्या, डा. डीसी वर्मा समेत सभी प्रमुख भाजपा नेता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे

घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने लालगंज निवासी पंकज पाल, अजबी का पुरवा निवासी राघवेंद्र यादव (50), कहरियन का पुरवा निवासी दीपक पाल व अवधेश पाल (45) को मृत घोषित कर दिया। कटहरिन का पुरवा के मुकेश पाल, अंकुश पाल, ऐहार निवासी बबलू पांडेय, शिवा खेड़ा निवासी प्रमोद कुमार का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 08 | 07 | 01 | 14 | +.698 |
| कोलकाता | 08 | 05 | 03 | 10 | +.972 |
| हैदराबाद | 08 | 05 | 03 | 10 | +.577 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | +148 |
| चेन्नई | 08 | 04 | 04 | 08 | +.415 |
| दिल्ली | 08 | 03 | 05 | 06 | -.477 |
| गुजरात | 08 | 04 | 04 | 08 | -1.055 |
| पंजाब | 09 | 03 | 06 | 06 | -.187 |
| मुंबई | 08 | 03 | 05 | 06 | -.227 |
| बेंगलुरु | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.721 |

औरेंज कैप: विराट कोहली, आरसीबी/430 रन
पर्पल कैप: जसप्रीत बुमराह, राजस्थान/13 विकेट

# रॉयल्स से बदला चुकता करने उतरेंगे सुपरजायंट्स

- मुकाबला शाम 7.30 बजे से इकाना स्टेडियम में
- आठ में 7 मैच जीतकर राजस्थान रॉयल्स शीर्ष स्थान पर
- आठ मैचों में पांच जीत के साथ अंक तालिका में लखनऊ चौथे स्थान पर

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊके लिये टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊआठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिये जूझते दिखे हैं। चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी ।वहीं एलएसजी के मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद शतक लगाकर इस समस्या का भी हलनिकाल दिया लगता है। स्टोइनिस ने 63 गेंद में 124 रन बनाये थे जिसकी मदद से लखनऊने छह विकेट से जीत दर्ज की। देवदत्त पड्डिकल, निकोलस पूरन और दीपक हुड्डा को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में लखनऊ खेमा तेज गेंदबाज मयंक यादव के फिट होने की दुआ कर रहा होगा जो पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे हैं।



अटल बिहारी बाजेयी इकाना स्टेडियम में शुक्रवार शाम को मैच से पूर्व लखनऊ और राजस्थान की टीमों ने जमकर अभ्यास किया

## फर्क नहीं पड़ता कि मैं कीपिंग कर रहा हूं या नहीं : ध्रुव जुरेल



**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स मुकाबला शनिवार को इकाना में लखनऊ सुपर जॉयंट्स से होने वाला है। इस मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग को लेकर कहा कि इस सीजन लगातार आउटफील्ड में दिख रहे हैं और उन्हें कीपिंग करने का मौका नहीं मिल रहा है। हालांकि, वह इस बात से बिल्कुल भी परेशान नहीं हैं और अपने नए रोल का खूब आनंद ले रहे हैं। जुरेल ने कहा, मैं तो आउटफील्ड में होने का लुत्फ लेता हूं क्योंकि मुझे याद है जब मैंने क्रिकेट शुरू की थी तब से मुझे गेंद कैच करना बहुत पसंद है। डाइव मारना बहुत पसंद है तो इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं कीपिंग कर रहा हूं या कैचिंग कर रहा हूं। मुझे बस ये चाहिए कि टीम के लिए कुछ अलग करना है। जब भी मैच खेलता हूं तो कोशिश करता हूं कि कोई डाइविंग कैच आए। मेरा बचपन से यही रहा है कि यार कैसे भी खेलने को मिल जाए। टीम में खेल रहा हूं, हम मैच जीत जाएं और मैच जीतने में मेरा कुछ योगदान रहे। बल्लेबाजी में अपने रोल पर जुरेल ने कहा, सबको एक रोल मिला होता है, अगर कोई ओपनिंग करता है उनका भी रोल है की पावरप्ले अच्छा जाना चाहिए। हमारा भी रोल है। आप ये नहीं बोल सकते की ये कठिन है, निश्चित तौर पर कठिन तो है लेकिन मैं ये सोचता हूं कि यदि इसको मैं पहले से ही कठिन मान लूंगा तो मेरे लिए और कठिन बन जाएगा। मैं कोशिश करता हूं की मेरी मैनेजमेंट ने मेरे ऊपर जो भरोसा किया है उसी के हिसाब से प्रदर्शन करूं और वहां जाकर अच्छी बल्लेबाजी करूं।

## मयंक यादव ने नेट में गेंदबाजी शुरू की : श्रीराम

आईपीएल के पहले दो मैच में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत में तलहका मचाने वाले एलएसजी के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पेट के निचले हिस्से में चोट के कारण लगभग तीन सप्ताह के आराम के बाद नेट में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। एलएसजी के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह फिर से खेलने के करीब हैं। श्रीराम ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह शुक्रवार को नेट में गेंदबाजी कर रहा है। इसलिए हम देखेंगे कि वह आज के बाद कैसे गेंदबाजी करता है। वह फिर से खेलने के काफी करीब है। इसकी उम्मीद है। श्रीराम ने कहा कि मैंने पिछले लगभग एक महीने से उनके साथ काम किया है। वह बहुत परिपक्व लगता है और वह अपने शरीर को अच्छी तरह से जानता है जो एक युवा तेज गेंदबाज के लिए बहुत अच्छी बात है।

## संक्षेप

### सिफत कौर ट्रायल्स में जीती

**नयी दिल्ली।** सिफत कौर सामरा ने शुक्रवार को यहां डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैम्पियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया। इस तरह उन्होंने दूसरे स्थान पर रही आशी चौकसी को 2.4 से पछाड़ा। अंजुम मौदगिल शूटऑफ के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। सिफत ने बुधवार को महिलाओं की थ्री पी ओएसटी टी। भी जीती थी। अब भोपाल में ओएसटी 3 और 4 अगले महीने होंगे। पुरुषों के थ्री पी ओएसटी टी2 फाइनल में ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता रहे।

### शर्मा जापान में कट में प्रवेश से चूके

**गोटेम्बा (जापान)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैम्पियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

### अदिति अशोक की निराशाजनक शुरुआत

लॉस एंजिलिस। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैम्पियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिये दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढत बना ली है।

### वे सभी बल्ले मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग

**नयी दिल्ली।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है।

### अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए : विटोरी

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई। विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से 35 रन से मिली हार के बाद कहा कि हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा। इस सत्र में तीन बार 250 से अधिक स्कोर बना चुकी टीम को आरसीबी के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी महंगी पड़ी। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पिछले चार मैचों में अच्छे प्रदर्शन के बाद यह हार निराशाजनक है। हमने अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन हारने के बावजूद हम लक्ष्य का पीछा करने की ओर बढते दिख रहे थे। शुरूआती विकेट जल्दी गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि आईपीएल में कोई भी टीम किसी भी टीम को हरा सकती है और कोई मैच आसान नहीं होता।

# खराब फार्म में चल रही मुंबई से भिड़ेगी दिल्ली



मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से दिल्ली में

**नयी दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है।

### विश्व कप : दीपिका सेमीफाइनल में

**शंघाई।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6.4 (27.28, 27.27, 29.28, 29.27, 28.28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लेट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155.151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा।

# पंजाब किंग्स ने रचा इतिहास, ईडन गार्डन्स पर हुई छक्कों की बरसात

## विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य 261 रन का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने केकेआर को आठ विकेट से दी मात




**68** नाबाद रन बनाए शशांक सिंह ने 28 गेंद में जिसमें दो चौके व आठ छक्के लगाये




**108** की नाबाद पारी खेली जिसमें जॉनी ने केवल 48 गेंदों में 8 चौके और 9 छक्के लगाये

**कोलकाता।** मैन ऑफ द मैच जॉनी बेयरस्टो के शतक से पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन का पीछा करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उसने शुक्रवार को 42 वें आईपीएल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उसी के घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर आठ विकेट रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स ने पिछले साल मार्च में वेस्टइंडीज के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 259 रन से बेहतर प्रदर्शन किया।

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने हाल ही में ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ 224 रन के लक्ष्य का पीछा करने का पिछला रिकॉर्ड अपने नाम किया और 2020 में शारजाह में तत्कालीन किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के खिलाफ बनाये गये रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बल्लेबाजी के लिए उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 261 रन बनाए लेकिन पंजाब किंग्स ने ने आठ गेंद रहते ही लक्ष्य का पीछा कर लिया।

सुनील नारायण और फिल साल्ट की पहले विकेट के लिए तेज तर्रार साझेदारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 261 रन बनाये। केकेआर का अब तक का दूसरा 250 रन से अधिक का स्कोर है। दोनों स्कोर इसी सत्र में बने हैं। नारायण ने 32 गेंद में 71 रन की पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाये। यह उनका सत्र का तीसरा अर्धशतक है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 85 और इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 109 रन बनाये थे। इस तरह नारायण आठ मैच में 357 रन बनाकर आरेंज कैप की दौड़ में दूसरे स्थान पर पहुंच गये। वह विराट कोहली (430 रन) से 73 रन पीछे हैं जिन्होंने एक मैच ज्यादा खेला है साल्ट भी आक्रामक खेल दिखाते हुए 37 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों से 75 रन की पारी खेलकर सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक जड़ा। नारायण ने अपना अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में पूरा कर लिया, वहीं साल्ट को यह इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए दो गेंद और ज्यादा लगीं। केकेआर की इस सलामी जोड़ी ने महज आठ ओवरों में 100 रन बना लिये। इस तरह उन्होंने 19 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक के बीच 134 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए पहले विकेट के लिए सत्र की सबसे बड़ी 138 रन की साझेदारी बनायी। केकेआर ने 15 ओवर में दो विकेट 190 रन बना लिये थे और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाये गये अपने सात विकेट पर 272 रन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर में सुधार करने की ओर बढ़ रही थी। लेकिन उनका मध्य और निचला क्रम इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। श्रेयस अय्यर ने 10 गेंद में 28 रन (एक चौका, तीन छक्के) बनाकर टीम को 260 रन तक पहुंचाने में मदद की। नारायण और साल्ट 13 गेंद के अंदर आउट हो गये। आंद्रे रसेल को चौथे नंबर पर खिलाने की रणनीति आंशिक रूप कारगर हुई क्योंकि उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से 12 गेंद में 24 रन बनाये।

### स्कोर बोर्ड

**पंजाब किंग्स :** प्रभसिमरन सिंह रन आउट 54, जॉनी बेयरस्टो नाबाद 108, रिली रोसोऊका श्रेयस अय्यर बो नारायण 26, शशांक सिंह नाबाद 68, अतिरिक्त : 06, कुलयोग : 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन, विकेट पतन : I-93, 2-178, गेंदबाजी : दुष्मंता चमीरा 3-0-48-0, हर्षित राणा 4-0-61-0, अनुकूल रॉय 2-0-36-0, सुनील नारायण 4-0-24-I, वरूण चक्रवर्ती 3-0-46-0, आंद्रे रसेल 2-0-36-0, रमनदीपस सिंह 0.4-0-9-0

**केकेआर पारी :** फिल साल्ट बो करन 75, सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर 71, वेंकटेश अय्यर रन आउट 39, आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप 24, श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप 28, रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल 05, रमनदीप सिंह नाबाद 06, अतिरिक्त : 13, कुलयोग : 20 ओवर में छह विकेट पर 261 रन, विकेट पतन : I-138, 2-163, 3-203, 4-246, 5-253, 6-261, गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-I, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-I, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-I, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

# रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में

**मैड्रिड।** रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6.I, 6.0 से जीत दर्ज की। चौदह बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को 4.6, 6.I, 6.4 से हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6.2, 7.5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6.4, 6.3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6.I, 6.4 से हराया। अमेरिका की कोको गाफ ने अरांतजा रूस को 6.0, 6.0 से मात दी। पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका को 15वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा ने 6.2, 4.6, 7.5 से हराया।

## अनिकेत, सानिध्य, सौरभ व यश पुरुष एकल के सेमीफाइनल में


लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट

**लखनऊ।** अनिकेत श्रीवास्तव, सानिध्य द्विवेदी, सौरभ सिंह व यश वर्मा ने लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूनार्मेंट के पहले दिन खेले गए पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

लामार्टिनियर एसडीएस टेनिस अकादमी के क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूनार्मेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में अनिकेत श्रीवास्तव ने राहुल प्रजापति को 7-4 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में सानिध्य द्विवेदी ने प्रणव मिश्रा को 7-4 से पराजित किया। इसके अलावा तीसरे क्वार्टर फाइनल में सौरभ सिंह ने मेहर खोसला को 7-4 से और यश वर्मा ने आदित्य साहू को 7-3 से हराया। इससे पूर्व पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए जिसमें राहुल प्रजापति ने राज कुमार को 6-0 से, अनिकेत श्रीवास्तव ने शोभित टंडन को 6-2 से, प्रणव मिश्रा ने तन्मय को 7-4 से, सौरभ सिंह ने साहर को 7-0 से, मेहर खोसला ने दिव्यांश को 7-5 से, यश वर्मा ने अनुज कुमार को 7-1 से और आदित्य साहू ने अमोघ बाजपेयी को 7-1 से हराया। वहीं सानिध्य द्विवेदी को अगस्त्य के खिलाफ वॉकओवर मिला।

दूसरी ओर पुरुष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में सानिध्य द्विवेदी व प्रणव मिश्रा, अनुज कुमार व यश वर्मा, शोभित टंडन व सुमित, शनीष मणि मिश्रा व सौरभ सिंह, गोविंद व समित, अनिकेत श्रीवास्तव व तन्मय, उदय व अमोघ बाजपेयी, अभिषेक व अमर ने जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए दीपक पाठक ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत टूनार्मेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने किया।

## गुरुकुल की जीत में चमके शिवांश

**लखनऊ।** एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मैच में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने ब्लैज विलो क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हरा दिया। इस मैच में शिवांश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाये। ब्लेज विलो क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शशि ने 10 रन बनाये। वहीं आयामंश ने 40 रन का योगदान दिया, जबकि तुशार ने 27 रन बनाये। वहीं राजवीर सिंह ने 50 रन बनाये, जबकि नीरज यादव और अब्दूल ने 12-12 रन का योगदान दिया। गुरुकुल क्रिकेट क्लब की टीम ने आठ विकेट गवांकर 201 रन बना लिये और मैच को दो विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज उत्कर्ष ने 15 रन का योगदान दिया। शिवांश सिंह ने 10 चौका और पांच छक्का की मदद से 96 रन बनाये। रोहित यादव ने 24 रन बनाये, जबकि मनीष ने 23 रन का योगदान दिया और अंत तक क्रीज पर जमे रहे।

## इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने जीता मैच

लखनऊ। काल डेक्थ्लान फ्लैक्स टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के लीग मैच में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने गुलमोहर क्रिकेट क्लब को 184 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में सूरज कुमार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाये। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गवांकर 261 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज चंदन जायसवाल ने 13 चौका और दो छक्का की मदद से 28 बाल पर 73 रन बनाये। वहीं अंकित सिंह ने पांच चौका और पांच छक्का की मदद से 23 बाल पर 59 रन बनाये, जबकि सूरज सैनी ने 9 चौका और चार छक्का की मदद से 44 बाल पर 89 रन का योगदान दिया। वहीं गुलमोहर क्रिकेट एकेडमी की टीम 77 रन ही बना सकी और इंटरनेशनल ने 184 रन से मैच को जीत लिया। गुलमोहर के सलामी बल्लेबाज सर्वेश पटेल मात्र 36 रन बना सके।

# यूसीसी लागू करना मोदी की गारंटी

## प्रधानमंत्री ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगा दी



गुना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को बरकरार रखने का वादा किया गया जबकि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का भाजपा का वादा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए, मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार है, लेकिन भाजपा के लिए, गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का पहला अधिकार है। सिंधिया मध्य प्रदेश की गुना लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र को ध्यान से पढ़ें। उन्होंने कहा है कि वे पर्सनल लॉ को फिर से लाएंगे...वे मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। वे तीन तलाक को वापस लाना चाहते हैं...क्या यह देश शरिया (इस्लामी कानून) से चलाया जा सकता है? उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल बाबा तुष्टिकरण के लिए जो करना है, कर लो। जब तक भाजपा है, कोई पर्सनल लॉ नहीं आएगा। यह देश यूसीसी और संविधान से चलेगा। यही हमारे संविधान की भावना है। हमने उत्तराखंड में यूसीसी लागू किया है। उन्होंने कहा कि यह हमारा वादा और मोदीजी की गारंटी है कि यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त, 2019 को एक झटके में धारा 370 को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, राहुल बाबा मुझे यह कहकर डराते थे कि अगर धारा 370 हटा दी गई तो कश्मीर में खून की नदियां बह जायेंगी। अरे राहुल बाबा, यह कांग्रेस सरकार नहीं है... नरेन्द्र मोदी की सरकार को पांच साल हो गए। खून की नदियां छोड़ो...वहां कंकर चलाने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगा दी और सरकार ने मध्य प्रदेश में भी नक्सली समस्या को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए, देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। लेकिन भाजपा के लिए, गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों और आदिवासियों का पहला अधिकार है। शाह ने आरोप लगाया कि अतीत में कांग्रेस सरकारें आरक्षण की सिफारिश करने वाली मंडल आयोग की रिपोर्ट दबाए बैठी रहीं। उन्होंने कांग्रेस पर 70 साल तक राम मंदिर मुद्दे पर बाधाएं पैदा करने का भी आरोप लगाया।

# वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत : उपराष्ट्रपति धनखड़



तिरूपति (आंध्र प्रदेश)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है और इसे रोका नहीं जा सकता।

उपराष्ट्रपति ने यहां राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आप अब एक वृहद विश्व में एक ऊंची छलांग लगा रहे हैं। आप भाग्यशाली हैं कि आप यह ऐसे समय में कर रहे हैं जब भारत आगे बढ़ रहा है। इसके उभरने को रोका नहीं जा सकता। आप वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसी भाषा जो हर तरह की प्रौद्योगिकी विज्ञान में बिना त्रुटि के उपयुक्त हो सकती है वह संस्कृत है। धनखड़ ने दावा किया, यह एकमात्र भाषा है जिसके शब्द द्विअर्थी नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत को कई भारतीय भाषाओं की जननी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के भाषाई विकास में इसका एक अद्वितीय स्थान है और इसने भारतीय भाषाओं की विविधता में योगदान दिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि संस्कृत के व्याकरण, वाक्य विन्यास और शब्दों ने हिंदी तथा दक्षिण एशिया में बोली जाने वाली कई अन्य भाषाओं को समृद्ध किया है।

संक्षेप

## सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में शुक्रवार को एक कार ट्रक से टकराने के बाद चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रायसिंह नगर) भंवरलाल ने बताया कि घटना खोखरावाली और सलेमपुरा के बीच हुई। उन्होंने बताया कि घायल महिला को उपचार के लिये अनूपगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कार सवार एक ही परिवार की पांच महिलाओं समेत छह लोग किकरावाली से गांव 86 जी बी में अपने रिश्तेदार के घर शोक सभा में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे, इस दौरान गांव 17 एसजेएम के पास ओवरटेक करते समय कार ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि कार चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान किकरावाली निवासी हेतराम (45) उनकी पत्नी सुनीता (42), रिश्तेदार लिखमादेवी (55), विद्यादेवी (40), कलावती देवी (48) और कार चालक शंकरलाल (38) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झूठ प्रचार का अड्डा बन गये हैं नड्डा : कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की टिप्पणियों को गलत संदर्भ में पेश कर रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हार सुनिश्चित देकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष और सत्तारूढ़ दल के नेता बौखला गए हैं और ऐसे में वे ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। रमेश ने एक बयान में कहा, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आरोप झूठ पर आधारित हैं। लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हवा उनको लग गई है और झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं। उनका कहना है कि भाजपा अध्यक्ष ने 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में मनमोहन सिंह द्वारा दिए गए भाषण को गलत तरीके से पेश किया है। रमेश के अनुसार, मनमोहन सिंह ने कहा था, मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं बहुत स्पष्ट हैं। कृषि, सिंचाई एवं जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम हमारी प्राथमिकताएं हैं। उनके मुताबिक, तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इससे आगे कहा था, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए योजनाओं को नए सिरे से तैयार करने की ज़रूरत है। हमें ये सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिले। संसाधनों पर पहला हक़ उनका होना चाहिए।

# एससी-ओबीसी का कोटा मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है।

कांग्रेस को परंपरागत रूप से वंचित हिंदू समूहों की कीमत पर मुसलमानों के हितों की वकालत करने वाली पार्टी के रूप में पेश करने की भाजपा की कोशिशों को जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को एससी घोषित करने और उसे आरक्षण देने का लंबे समय से आधार बना रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान जारी रहने के बीच वीडियो के जरिए एक बयान जारी किया। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। कांग्रेस ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल ने जनता के समर्थन की कमी के मद्देनजर चुनावों के दौरान ध्रुवीकरण करने के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक विभाजन का सहारा लिया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की है, जिसमें कर्नाटक भी शामिल है।

# दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं को नियंत्रित करने में निर्वाचित व्यवस्था पर उपराज्यपाल की प्रधानता स्थापित करने के केंद्र सरकार के कानून को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में, प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के उस अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है।

# एंटनी ब्लिंकन ने की शी चिनफिंग से मुलाकात

बीजिंग। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका और चीन के बीच पैदा हुए मतभेदों को जिम्मेदारी से सुलझाने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। दोनों पक्षों के बीच मतभेद बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में संवाद की प्रक्रिया भी तेज हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग के समक्ष चीन द्वारा रूस के यूक्रेन पर हमले को समर्थन देने के साथ-साथ ताइवान और दक्षिण चीन सागर, मानवाधिकार और सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर का उत्पादन और निर्यात सहित विभिन्न चिंताओं को उठाया। ब्लिंकन ने सैन्य संवाद, मादक पदार्थ रोधी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच हुई प्रगति पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा, हम अपने एजेंडा पर आगे बढ़ने के लिए संवाद को कायम रखने और इसे मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

# चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए पाकिस्तान को न घसीटें भारत




इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय नेताओं से आग्रह किया कि वे चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदे के लिए अपने भाषणों में उसे न घसीटें।

विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज बलोच ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनका देश जम्मू-कश्मीर को लेकर भारतीय नेताओं के सभी दावों को खारिज करता है। उन्होंने कहा, भारतीय नेता चुनावी कारणों से भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक विमर्श में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी प्रवृत्ति बंद करें। बलोच ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के भड़काऊ बयानों में चिंताजनक रूप से वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को खारिज करता है। अति-राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊबयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय दावे ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के विपरीत हैं। बलोच ने कहा, ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ-साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू-कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है। भारत भी कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के बयानों को खारिज करता रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं तथा हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

इंटरटेनमेंट...

# भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग पर उमड़ा बॉलीवुड




मुंबई। बुधवार रात मुंबई में नेटफ्लिक्स ने संजय लीला भंसाली की अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' की स्क्रीनिंग होस्ट की। इस मौके पर सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, विक्की कौशल, रेखा, भूमि पेडनेकर, श्रुति हासन, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना, अनन्या पांडे और अली फजल समेत कई सेलेब्स नजर आए। इस मौके पर स्टेज पर भंसाली के साथ सीरीज की स्टार कास्ट से सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव, मनीष कोइराला और फरदीन खान नजर आए।

इस स्क्रीनिंग पर भंसाली के खास दोस्त और उनके साथ 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले एक्टर सलमान खान टाइट सिक्योरिटी के बीच पहुंचे। सलमान ने एनिमेशन प्रिंटेड जीन्स को ब्लैक शर्ट के साथ पेयर किया। वहीं भंसाली के साथ 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुकीं आलिया भट्ट यहां ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। वो मां सोनी राजदान और सास नीतू कपूर के साथ इवेंट में पहुंचीं। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इवेंट के कुछ इनसाइड फोटोज भी शेयर किए हैं। इन फोटोज में भंसाली, सलमान और आलिया के अलावा रेखा के साथ भी नजर आ रहे हैं। इवेंट में डायरेक्टर करण जौहर और कॉमेडियन कपिल शर्मा एक दूसरे से गले मिलते नजर आए। इस दौरान करण जौहर, अनन्या पांडे के साथ नजर आए। रकुल प्रीत और विक्की भी इवेंट में पहुंचे। इवेंट में अंकिता-विक्की, श्रुति हासन, शालिनी पांडे और फातिमा-आदित्य भी शामिल हुए।

संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड वेब सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' 1 मई को ओटीटी पर रिलीज होगी। सीरीज आजादी से पहले लाहौर में बसे शाही मोहल्ले 'हीरामंडी' की तवायफों के जीवन को उजागर करती है।' सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, फरदीन खान, संजीदा शेख, अध्ययन सुमन और शेखर सुमन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस सीरीज के जरिए भंसाली ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड सीरीज 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। पाकिस्तान के शाही मोहल्ला हीरामंडी पर आधारित इस सीरीज में प्यार, पावर और आजादी की जंग देखने को मिल रही है।

# अमिताभ ने शुरू की केबीसी-16 शूटिंग



मुंबई। अमिताभ बच्चन ने पिछले साल नम आंखों से 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट से फैंस को गुडबाय कहा था। कईयों का मानना था कि यह अमिताभ का केबीसी पर लास्ट सीजन है। इसी बीच बुधवार को बिग बी ने शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को सरप्राइज दिया है। अब पब्लिक डिमांड पर अमिताभ इस शो का 16वां सीजन होस्ट करते नजर आएंगे।

एक्टर ने बुधवार को अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ फोटोज शेयर करते हुए बताया कि वो सुबह 9 से 5 इस शो की नॉन-स्टॉप शूटिंग कर रहे है। इस दौरान वो अपना लंच भी कार में ही कर रहे हैं। अमिताभ ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से, रूप स्वरूप हुआ लोगों की जिम्मेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सीजन का, स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का। अमिताभ ने यह भी बताया कि वो इन दिनों आईपीएल मैच का भी लुत्फ उठा रहे हैं। इसके हिसाब से वो अपना काम भी एजस्ट कर लेते हैं।

# हैदराबाद नरसंहार पर बनी 'रजाकार'




**मुंबई**। भारतीय फिल्मों में क्रूर घटनाओं और सामूहिक नरसंहार जैसे विषय को लेकर फिल्म बनाने का ट्रेंड देखा जा रहा है। फिल्म मेकर्स इतिहास में घटित ऐसी घटनाओं पर साहस के साथ फिल्म बना रहे हैं जिस पर पहले खुलकर बात भी नहीं की जाती थी। देश की आजादी के समय हैदराबाद में हुए नरसंहार पर आधारित फिल्म ह्यरजाकार द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद कल 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर प्रोड्यूसर गुडूर नारायण रेड्डी, एक्टर मकरंद देशपांडे, राज अर्जुन और तेज सप्रु ने बात की।

प्रोड्यूसर गुदुर नारायण रेड्डी ने बताया कि यह फिल्म संदेश देती है कि सरदार पटेल की वजह से आज यह देश कैसे मजबूती के साथ खड़ा है। इस फिल्म की कहानी आजादी के उस दौर की है जब देश में कई तरह की चुनौतियां थीं। जूनागढ़, कश्मीर और हैदराबाद, ये तीन रियासत ऐसी थी जो देश में विलय होने से लगातार इन्कार कर रही थी। इस फिल्म की कहानी मूल रूप से हैदराबाद की रियासत को लेकर पिरोई गई है। जिसका विलय आजादी के लगभग एक साल बाद देश में हुआ था। जिसका विलय करवाने में सरदार पटेल ने अहम भूमिका निभाई थी। बंटवारे के बाद भी कई रियासतों व राजे-रजवाड़ों को शामिल करना एक बड़ा टास्क था। जनता ये कहानी शायद ही जानती होगी कि रजवाड़ों का जब विलय हो रहा था तो कैसे कुछ जगह कत्लेआम तक हो गया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com